
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471


इंस्टा पर बढ़े फॉलोवर्स ...

# अमन लेखनी


फ्लॉन्ट किया कर्वी ......

वर्ष : 10 | अंक : 09 | लखनऊ, 18 दिसम्बर, सोमवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.c

न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 69,825.60

निफ्टी 20,969.40

**संक्षिप्त समाचार**

### संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोपियों ने आत्मदाह समेत कई विकल्पों पर किया था विचार : अधिकारी

नयी दिल्ली। सूत्रों ने बताया कि बच निकलने में कथित तौर पर झा की मदद करने वाले महेश कुमावत और कैलाश को जांचकताओं ने क्लीन चिट नहीं दी है। पुलिस झा को जल्द ही राजस्थान के नागौर ले जाएगी, जहां वह भागने के बाद बुधवार को ठहरा था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि उसे उस स्थान पर ले जाया जाएगा, जहां उसने अपना एवं अन्य आरोपियों के मोबाइल फोन नष्ट करने का दावा किया है। सभी पांचों आरोपियों को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है।संसद की सुरक्षा में 13 दिसंबर को सेंध लगाने के मामले में गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने खुलासा किया है कि उन्होंने मीडिया का ज्यादा ध्यान खींचने के लिए अग्निरोधक तरल पदार्थ (जेल) लगाकर खुद को आग लगाने के विकल्प पर भी विचार किया था। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने बाद में इस विचार को छोड़ दिया और धुआं छोड़ने वाली कैन के साथ लोकसभा कक्ष में कूदने की योजना पर फैसला किया। मामले की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं सांसद प्रताप सिम्हा का बयान दर्ज करने की भी योजना है। सदन के भीतर सुरक्षा में सेंध लगाने वाले दो लोगों को सिम्हा के जरिए पास मिला था। आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए थे और उन्होंने कैन से पीली गैस फैलाते हुए नारेबाजी की जिसके बाद सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया था।

### ये कैसा विकसित भारत? महंगाई को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को लेकर रविवार को केंद्र पर निशाना साधा और आश्चर्य जताया कि यह किस तरह का विकसित भारत है। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में वीडियो साझा की जिसमें महंगाई को दशार्ने के लिए दूध, प्याज, टमाटर और चीनी जैसी आवश्यक वस्तुओं की वर्ष 2014 की कीमतों की तुलना में मौजूदा कीमतें बताई गई। कांग्रेस प्रमुख ने वीडियोके साथ लिखा, महंगाई-नॉमिक्स, यह किस तरह का विकसित भारत है ? जहां भारतीय जनता पार्टी लूटने में मास्टर है। कांग्रेस पार्टी अर्थव्यवस्था को संभालने के तरीके को लेकर केंद्र सरकार को घेर रही है और बढ़ती बेरोजगारी तथा महंगाई को लेकर चिंता जता रही है।

# संसद और श्रीराम जन्मभूमि पर आतंकी हमले को पीएसी ने किया था निष्फल: सीएम योगी

**पीएसी के स्थापना दिवस में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

**कुछ लोगों ने कुत्सित सोच के चलते पीएसी की 46 कंपनियों को कर दिया था समाप्त, आज 273 संचालित**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : किसी भी बल की छवि उसके जवानों के शौर्य और पराक्रम से निर्मित होती है। इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश पीएसी का इतिहास सदैव स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। वर्ष 2001 में देश की संसद पर हमला हुआ था, उस समय उत्तर प्रदेश पीएसी के जवानों ने अपने पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए हमले को निष्फल करने में सफलता प्राप्त की थी। पीएसी के जवानों ने अपने शौर्य और पराक्रम से सभी हमलावरों को मार गिराकर उनके मंसूबों पर पानी फेरने का काम किया था। इतना ही नहीं, देश की आस्था के प्रतीक श्री राम जन्मभूमि पर जब आतंकी हमला हुआ था तब भी पीएसी ने उसे हमले को निष्फल कर उनके मंसूबों को विध्वंस करने का काम किया था। पीएसी के गौरवशाली इतिहास के बाद भी कुछ लोगों ने अपनी कुत्सित सोच के चलते प्रदेश में पीएसी की 46 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। वहीं आज पीएसी के गौरवशाली अतीत को देखते कुल 33 बटालियन में 273 कंपनियां पूर्णतया क्रियाशील हो चुकी हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पीएसी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में कहीं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेस्ट बटालियन अवार्ड, बेस्ट प्लाटून ड्रील, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों व मेधावी छात्रों को स्मृति चिह्न व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

### पीएसी में 41,893 आरक्षियों की भर्ती की गई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएसी के गौरवशाली इतिहास को देखते हुए हमारी सरकार ने पीएसी में 41,893 आरक्षी और 698 प्लाटून कमांडो की भर्ती की है।पीएसी में पदोन्नति के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों, इसके लिए सरकार ने सशस्त्र पुलिस बल में 184 निरीक्षकों और 3,772 उप निरीक्षकों के पदों में भी वृद्धि की है। इसके अलावा विभागीय प्रोन्नति के तहत 257 उप निरीक्षक, 3558 मुख्य आरक्षी और 12,774 आरक्षी को प्रोन्नति प्रदान की गई। आरक्षियों के पदों पर सीधी भर्ती की कार्रवाई भी चल रही है, जिसमें 10,584 से अधिक भर्ती की प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है। इसके अलावा पीएसी बल को अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्रों जैसे एसएलआर, इंसास राइफल, दंगा विरोधी उपकरणों के साथ एंटी राइट गन और टियर गैस गन से सुसज्जित किया गया है। इसके अलावा बाढ़ राहत कंपनियों के लिए भी आवश्यक उपकरण खरीदे गए हैं। पीएसी जवानों को दैनिक उपयोग की चीजों को गुणवत्ता युक्त और कम दाम पर उपलब्ध कराने के लिए 13 मास्टर कैंटीन और पीएसी वाहिनी यानी जनपदीय लाइन में कुल 102 सब्सिडी कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। पुलिस कल्याण योजना के तहत जवानों के बच्चों को न्यूनतम शिक्षण शुल्क पर उत्तम शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 31 पुलिस मॉडल स्कूल संचालित हैं, जहां हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम 90 फीसदी से अधिक देखने को मिले हैं। पुलिस मॉडर्न स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर, नए पुलिस मॉडर्न स्कूल के निर्माण और फर्नीचर की खरीद के लिए प्रदेश सरकार ने आवश्यक धनराशि स्वीकृत की है। इसके अलावा पीएसी की 33 में से 31 वाहिनियों में पहली बार हाई राइज बिल्डिंग के रूप में प्रत्येक वाहिनी में 200 जवानों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य चल रहा है।




# कोविड की तरह है एंटी-नेशनल नैरेटिव, इसे करना होगा बेअसर : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार (17 दिसंबर) को एंटी नेशनल नैरेटिव को कोविड वायरस करार दिया और कहा कि उन्हें बेअसर करना होगा। उपराष्ट्रपति कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी और कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड की ओर से आयोजित वसुधैव कुटुम्बकम श्रीमद्भगवद्गीता और वैश्विक एकता विषय पर 8वें तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

### देश विरोधी नैरेटिव को कोविड वायरस बताया

यह कार्यक्रम कुरूक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से या समझ की कमी के कारण कुछ लोगों को देश विरोधी बातें फैलाने में मजा आता है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं होना चाहिए, आप इसका विरोध कीजिए। यह एक कोविड वायरस की तरह है जिसे बेअसर करना होगा।

इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी भी मौजूद थे। उपराष्ट्रपति ने कहा, ९गीता का दर्शन भारतीय सभ्यता और इसकी संस्कृति का आधार है। वर्तमान समय में यह निष्पक्षता, पारदर्शिता, समानता और सार्वभौमिक भाईचारे के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देने के साथ ही भारत के शासन की आत्मा है।

# नागपुर में सोलर एक्सक्लूसिव कंपनी में हुआ ब्लास्ट, सात लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नागपुर। नागपुर में सोलर एक्सक्लूसिव कंपनी में जबरदस्त ब्लास्ट हुआ है। घटना रविवार को हुई है जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई है। सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में कास्ट बूस्टर प्लांट में यह धमाका पैकिंग के दौरान हुआ है। माना जा रहा है कि ब्लास्ट बेहद गंभीर है और हादसे में मरने वालों की तादाद में इजाफा हो सकता है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक मरने वालों में चार महिलाएं और तीन पुरुष शामिल है, जबकि हादसे में तीन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। यह जानकारी एसपी नागपुर ग्रामीण हर्ष पोद्दार ने साझा की है।घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों की मान्य तो यह सोलर कंपनी नागपुर की अमरावती रोड पर बनी हुई है।

**ब्लास्ट बेहद गंभीर है और हादसे में मरने वालों की तादाद में इजाफा हो सकता है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक मरने वालों में चार महिलाएं और तीन पुरुष शामिल है, जबकि हादसे में तीन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं।**

# छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष होंगे पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



रायपुर। भारतीय जानता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने रविवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि राजनांदगांव सीट से विधायक सिंह ने विधानसभा परिसर में राज्य विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, कांग्रेस विधायक दल के नेता चरण दास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौजूद थे।अधिकारी ने बताया कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के वरिष्ठ नेताओं ने सिंह के नामांकन के समर्थन में प्रस्ताव प्रस्तुत किया। नामांकन दाखिल करने के बाद सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वह अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे और छत्तीसगढ़ विधानसभा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे।

# भावनात्मक और रचनात्मक हैं काशी और तमिलनाडु के रिश्ते : नरेन्द्र मोदी

## पीएम मोदी ने काशी तमिल संगमम एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

- **प्रधानमंत्री ने वाराणसी के नमो घाट पर किया 'काशी तमिल संगमम' के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ**
- **प्राचीन तमिल ग्रंथों का ब्रेल भाषा में अनुवाद किये गये पुस्तकों का विमोचन किया**
- **तीर्थ यात्राओं के कारण ही एक राष्ट्र के रूप में अमर और अडिग रहा है भारत : मोदी**
- **एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत कर रहा काशी तमिल संगमम**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



वाराणसी। काशी और तमिलनाडु के रिश्ते प्राचीन होने के साथ ही भावनात्मक और रचनात्मक हैं। दुनिया के दूसरे देशों में राष्ट्र एक राजनीतिक परिभाषा रही है, लेकिन भारत एक राष्ट्र के रूप में आध्यात्मिक आस्थाओं से भरा है। भारत को एक बनाया है आदि शंकराचार्य और रामानुजाचार्य जैसे संतों ने, जिन्होंने अपनी यात्राओं से भारत की राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया। सदियों से अधीनम संत काशी की यात्रा करते रहे हैं। इन यात्राओं और तीर्थ यात्राओं के जरिए भारत हजारों साल से एक राष्ट्र के रूप में अडिग रहा है, अमर रहा है। काशी तमिल संगमम इसी एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत कर रहा है। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नमो घाट पर काशी तमिल संगमम के द्वितीय संस्करण के शुभारंभ के अवसर पर कही।

इससे पहले उन्होंने प्राचीन तमिल ग्रंथों का ब्रेल भाषा में अनुवाद किये गये विभिन्न पुस्तकों का विमोचन किया। वहीं इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी तमिल संगमम एक्सप्रेस ट्रेन को काशी से हरी झंडी दिखाकर कन्याकुमारी रेलवे स्टेशन से रवाना किया। ये साप्ताहिक ट्रेन कन्याकुमारी से वाराणसी के बीच सीधी रेल सेवा के रूप में शुरू की गई है।

प्रधानमंत्री ने एआई टेक्नोलॉजी के माध्यम से पहली बार एक साथ तमिल और हिन्दी में शुरूआती तीन मिनट तक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने वणक्कम काशी, वणक्कम तमिलनाडु से अपनी बात शुरू करते हुए तमिलनाडु से वाराणसी आये लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने अतिथियों को अपना परिवार बताया और कहा कि तमिलनाडु से काशी आने का मतलब है महादेव के एक घर से उनके दूसरे घर आना। मदुरै मीनाक्षी के यहां से काशी विशालाक्षी के यहां आना। तमिलनाडु और काशीवासियों के बीच प्रेम संबंध अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम की आवाज पूरी दुनिया में जा रही है। इसके लिए सभी मंत्रालयों, यूपी सरकार और तमिलनाडु के नागरिकों को उन्होंने बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी तमिल संगमम विभिन्न वर्गों के बीच आपसी संवाद और संपर्क का प्रभावी मंच बना है। इस संगमम को सफल बनाने के लिए बीएचयू और आईआईटी मद्रास भी साथ आए हैं। आईआईटी मद्रास ने बनारस के हजारों छात्रों को मैथ्स में ऑनलाइन सपोर्ट देने के लिए विद्या शक्ति इनिशिएटिव शुरू किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की ये भावना उस समय भी नजर आई जब हमने संसद के नये भवन में प्रवेश किया। नये संसद में पवित्र सेंगोल की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि हम भारतवासी एक होते हुए भी बोलियां, भाषाओं, वेशभूषा, खानपान रहन-सहन जैसी विविधता से भरे हैं। भारत की विविधता उस आध्यात्मिक चेतना में रची बसी है, जिसके लिए तमिल में कहा गया है कि हर जल गंगाजल है और भारत का हर भूभाग काशी है। जब उत्तर में आक्रांताओं द्वारा हमारी आस्था के केंद्र काशी पर आक्रमण हो रहे थे तब राजा पराक्रम पांडेयन ने तेनकाशी और शिवकाशी में यह कहकर मंदिरों का निर्माण कराया कि काशी को मिटाया नहीं जा सकता। आप दुनिया की कोई भी सभ्यता देख लीजिए। विविधता में आत्मीयता का ऐसा सहज और श्रेष्ठ स्वरूप आपको शायद ही कहीं मिलेगा। हाल ही में जी20 समिट के दौरान दुनिया भारत की इस विविधता को देखकर चकित थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी तमिल संगमम के जरिए देश के युवाओं में अपनी प्राचीन परंपराओं के प्रति उत्साह बढ़ा है। तमिलनाडु से बड़ी संख्या में युवा काशी आ रहे हैं। काशी तमिल संगमम में आने वाले लोगों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अयोध्या में दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री ने काशी और मदुरै का उदाहरण देते हुए कहा कि दोनों महान मंदिरों के शहर हैं। दोनों महान तीर्थस्थल हैं। मदुरै वैगई के तट और काशी गंगई के तट पर। तमिल साहित्य में वैगई और गंगई दोनों के बारे में लिखा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि काशी तमिल संगमम का ये संगम इसी तरह हमारी विरासत को सशक्त करता रहेगा और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत बनाता रहेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व राज्यमंत्री डॉ. एल मुरुगन, पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. राधाकृष्णन, आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. कामाकोटि, तमिलनाडु के सामाजिक कार्यकर्ता के. अन्नामलाई आदि मौजूद रहे।

# हम 'जल, थल, नभ और पाताल' में भी अपने लोगों की रक्षा में सक्षम : भाजपा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

श्रावस्ती (उप्र)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ताएवं राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने यहां कहा कि देश जल, थल, नभ और पाताल में भी अपने लोगों की रक्षा करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, हमारा देश सीमा पार आतंकवादियों को मार कर देश को सुरक्षित करता है तो देश के अंदर सुरंग में फंसे अपने 41 नागरिकों को भी सुरक्षित बचा कर लाता है।

त्रिवेदी ने सिलक्यारा सुरंग से सकुशल वापस लौटे श्रावस्ती जिला निवासी छह श्रमिकों तथा उनके बचाव में लगाये गये राज्य समन्वयक को उनके साहस के लिए शनिवार को यहां सम्मानित किया। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित चौपाल के मुख्य अतिथि के तौर पर त्रिवेदी शनिवार को जिले में नेपाल सीमा से सटे सिरसिया क्षेत्र के बभनी गांव पहुंचे थे। त्रिवेदी ने इस अवसर पर कहा, अब हम जल, थल, नभ और पाताल में भी अपने लोगों की रक्षा में सक्षम हैं। हमारा देश सीमा पार आतंकवादियों को मार कर देश को सुरक्षित करता है और देश के अंदर सुरंग में फंसे अपने 41 नागरिकों को भी सुरक्षित बचा कर लाता है।

गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बन रही सिलक्यारा सुरंग में काम कर रहे 41 मजदूर बीते माह सुरंग धंसने से मलबे के पीछे फंस गये थे। इन 41 में से छह श्रमिक सत्यदेव, अंकित, राम मिलन, संतोष, जय प्रकाश व रामसुंदर श्रावस्ती के मोतीपुर कलां गांव के हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार ने सफल राहत व बचाव अभियान चलाकर सभी 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला था। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तरकाशी भेजे गये राज्य समन्वयक अरुण मिश्र ने राज्य के सभी मजदूरों और उनके परिवारों के बीच समन्वय स्थापित किया और उन्हें हिम्मत बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। त्रिवेदी ने कार्यक्रम में स्थानीय जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक राम फेरन पांडेय, अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र एवं चेक आदि वितरित किए। पत्रकारों ने भाजपा नेता से सवाल किया कि विपक्ष संसद की सुरक्षा में हाल में हुई चूक को बेरोजगारी से जोड़ रहा है, ऐसे में उनकी क्या प्रतिक्रिया है। त्रिवेदी ने इसके जवाब में कहा, देश में विकास की गंगा बह रही है।

उन्होंने किसी नेता का नाम लिए बगैर कहा, सवाल पूछने वाले नेता बताएं कि बेरोजगारी कहां है ? उन्होंने कहा कि संसद की घटना पर बेरोजगारी की आड़ में राजनीति चमकाने की कोशिश की जा रही है और यह एक संवेदनशील मुद्दा है जिस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

# अमेरिका और कनाडा के बीच जमीन आसमान का फर्क

## खालिस्तान समर्थकों की हत्या के आरोपों पर आया विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी आतंकियों की हत्या की साजिश रचने के आरोप को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर का बड़ा बयान सामने आया है। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि दोनों ही बातों में जमीन आसमान का अंतर है। उन्होंने कहा कि कनाडा ने जिस तरह से भारत पर बुनियाद आरोप लगाए हैं वह बिल्कुल निराधार और गलत है। वहीं अमेरिका द्वारा उठाए गए मुद्दों पर उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कुछ बातों की ओर संकेत किया था जिसको मजबूती के साथ पेश करने के लिए उन्होंने कुछ सबूत भी दिए थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि भारत किसी भी देश द्वारा उठाए गए मुद्दों पर बात करने, उनसे निपटने और चर्चा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों द्वारा रखे गए मुद्दे एक समान नहीं है। इस संबंध में विदेश मंत्री ने कहा कि अगर किसी देश के सामने किसी तरह की समस्या है तो वह उसे हमारे सामने रख सकते हैं। भारत इनपुट के आधार पर हमेशा ऐसे मामलों को देखने के लिए तैयार रहता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भी मुद्दा उठाया और उसके बारे में इनपुट भी दिए। वही कनाडा को लेकर उन्होंने कहा कि कनाडा को भी हमने बता दिया कि सिर्फ आरोप लगाने से बात नहीं होती। किसी मुद्दे को लेकर ठोस सबूत भी देना चाहिए तभी उस पर विचार किया जा सकता है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अमेरिका ने भारत से कहा कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह की हत्या की साजिश को लेकर जांच में सहयोग होना चाहिए। इसके बाद अमेरिकी डिपार्मेंट आफ जस्टिस ने निखिल गुप्ता नमक व्यक्ति के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। माना जा रहा था कि निखिल गुप्ता को सुपारी किलर हायर करने के बारे में जानकारी दी जा रही थी। यह जानकारी निखिल गुप्ता को कोई भारतीय अधिकारी दे रहा था। वहीं विदेश मंत्रालय इस मामले को पता लगाने में जुटा हुआ है कि क्या सच में कोई अधिकारी इसमें शामिल था। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद भारत और अमेरिका ने इस मामले पर गंभीरता के साथ चर्चा की थी। केंद्र सरकार ने भी इस मामले में एक जांच कमेटी का गठन कर दिया है।

# घने कोहरे के चलते दो ट्रको में भिड़ंत,एक चालक की मौत


अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बनी मार्ग पर स्थित आईटीबीपी मुख्यालय के पास रविवार की सुबह सात बजे के करीब घना कोहरा होने के चलते तेज रफ्तार दो ट्रको में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गयी,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनो ट्रको के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये ओर दोनो ट्रको के चालक क्षतिग्रस्त हिस्सो में बुरी तरह फंसकर चिखाने-चिल्लाने लगे।दुर्घटना की जानकारी पाकर आईटीबीपी व बीएसफ के जवानो ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी,जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दो क्रेन व जेसीबी की मदद से जवानो संग मिलकर राहत व बचाव कार्य चलाते हुये दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रको में फंसे घायल चालको को बाहर निकलवाकर एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये मोहनलालगंज सीएचसी भेजा,जहां डाक्टर ने एक ट्रक के चालक को मृत घोषित कर दिया ओर दूसरे ट्रक के गम्भीर रूप से घायल चालक को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर भेजा।दुर्घटना के बाद मोहनलालगंज-बनी मार्ग पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लग गया।पुलिस की घंटो की मशक्कत के बाद बनी मार्ग पर ट्रैफिक सामान्य हो सका।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बेडकरनगर जनपद के थाना इल्तफातगंज के सलारपुर निवासी चालक हरीशचन्द्र( 43वर्ष ट्रक में अम्बेडकरनगर से चोकर लादकर कानपुर जा रहा था जैसे ही वो ट्रक लेकर मोहनलालगंज के बनी मार्ग पर स्थित आईटीबीपी मुख्यालय के पास पहुंचा ही था तभी इंदौर से प्याज लादकर बिहार जा रहे ट्रक का चालक रजीतराम( 20वर्ष ) निवासी पतूली थाना गौसड़ी जनपद बलरामपुर घना कोहराम होने के चलते तेज रफ्तार ट्रक से अपना नियंत्रण खो बैठा ओर दोनो ट्रक आमने-सामने टकरा गया,टक्कर इतनी भीषण थी की दोनो ट्रको के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये।दुर्घटना के बाद दोनो ट्रको के क्षतिग्रस्त हिस्सो में बुरी तरह फंसे चालक चिखाने चिल्लाने लगे।जिसके बाद आईटीबीपी के जवान मौके पर पहुंचे ओर पुलिस को सूचना दी,तब जाकर काफी देर बाद मौके पर पहुंचे सिपाहियों ने दो क्रेन व जेसीबी मशीनो को मौके पर बुलाकर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रको को अलग कर क्षतिग्रस्त हिस्सो में फंसे दोनो चालको को बाहर निकलवाकर एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये मोहनलालगंज सीएचसी भेजा,जहां डाक्टर ने एक ट्रक के चालक हरीशचन्द्र को मृत घोषित कर दिया ओर दूसरे ट्रक के घायल चालक रजीतराम की हालत गम्भीर देख इलाज के लिये ट्रामा सेंटर भेजा।दुर्घटना में हेल्पर मोनू भी घायल हो गया।जिसे प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरो ने छुट्टी दे दी।मृतक चालक हरीशचन्द्र के परिवार में पत्नी सोनू देवी व एक बेटी खुशबू व बेटा शिवम है।पुलिस से सूचना पाकर अम्बेडकरनगर से परिजन मोहनलालगंज सीएचसी पहुंचे,जहां बड़े भाई हरीशचन्द्र का शव देख छोटा भाई अनिकेश बिलख पड़ा।इंस्पेक्टर वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया दुर्घटना के बाद राहत व बचाव कार्य करते हुये दोनो चालको को बाहर निकलवाकर इलाज के लिये सीएचसी भेजा गया था एक चालक हरीशचन्द्र की मौत हुयी है दूसरे घायल चालक रजीतराम का ट्रामा में इलाज जारी है।मृतक चालक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# लखनऊ में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड



## अब पहाड़ी हवा बढ़ाएगी और गलन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में दिन का तापमान लगभग स्थिर बना हुआ है, लेकिन न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। हवाओं के असर से धूप बेअसर हो चुकी है, हालांकि दिन का तापमान स्थिर बना हुआ है। रात के पारे में दो डिग्री तक की गिरावट जारी है। प्रदेश में सबसे ठंडी रात बरेली की बनी हुई है। यहां पर रात का पारा 4 से नीचे जा पहुंचा और लुढ़क कर 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अयोध्या में 5 डिग्री तो कानपुर नगर में 5.7 डिग्री रहा न्यूनतम तापमान। अधिकतम तापमान 25 डिग्री से लेकर 22 डिग्री के बीच रहा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अगले दो-तीन दिनों में तापमान में 2 डिग्री के आसपास की गिरावट आने के आसार है। कोहरा भी बढ़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, पछुआ हवा आगे बढ़ेगी और पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाएं ठंड बढ़ाएगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र में रविवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि दिन का पारा शनिवार के बराबर 24.1 डिग्री ही रहा।

# संक्षेप

## वीडीएम एकेडमी में विज्ञान एवं शिल्प प्रदर्शनी लगी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मोहनलालगंज में स्थित वीडीएम एकेडमी में रविवार को विज्ञान एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन कर ग्रामीण प्रतिभाओं की रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।प्रदर्शनी का उद्घाटन शिक्षाविद अमरनाथ मिश्र एवं विद्यालय प्रबंधक बी के मिश्र पूर्व राज्य सूचना आयुक्त द्वारा फीता काटकर किया गया । अतिथियों व अभिभावकों ने प्रदर्शनी में अपने बच्चों द्वारा बनाये गये मॉडल देखकर सराहना की।इस मौके पर अभिभावको,शिक्षको समेत सभी छात्र-छात्राये मौजूद रहें।

## मां ने बेटी को अगवा करने का तीन लोगों पर लगाया आरोप रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनी नगर लखनऊ।** सरोजनीनगर की एक महिला ने इलाके के ही अवध विहार कॉलोनी निवासी दिलशाद व उसके दो अन्य साथियों पर 23 वर्षीया बेटी को अगवा करने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित महिला का कहना है कि शनिवार शाम करीब 5 बजे उसकी बेटी को यहीं की अवध विहार कॉलोनी में मदीना मस्जिद के पास रहने वाला दिलशाद अपने दो अज्ञात साथियों के साथ घर के सामने से 23 वर्षीया बेटी को उठा ले गया। जानकारी होने के बाद काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। बाद में बेटी के मोबाइल पर संपर्क किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। फिलहाल पुलिस इस मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

## प्लाट बेचने के बाद न रजिस्ट्री करने और ना ही पैसे वापस देने का महिला ने लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनी नगर लखनऊ।** सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर, कानपुर रोड निवासी उर्मिला देवी ने प्रहलाद यादव उर्फ गुड्डू यादव के खिलाफ प्लाट बेचने के बाद न तो रजिस्ट्री करने और ना ही पैसे वापस देने का आरोप लगाते हुए सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उर्मिला का कहना है कि उसने और गीता वर्मा, मन्तशा, नीलम मौर्य व चौधरी राजेश ने कानपुर रोड के बालाजी मार्केट, हिंद नगर मोड़ स्थित कार्यालय में प्रहलाद यादव से काफी दिनों पहले प्लाट खरीदा था। उस समय 25 हजार रुपये देकर प्लाट बुक किया गया। बाद में सभी किस्त पूरी कर लगभग दो लाख रुपए भी अदा कर दिए। लेकिन प्रह्लाद ने रजिस्ट्री नहीं की। आरोप है कि कई बार कहने के बाद भी वह ना तो रजिस्ट्री कर रहा है और ना ही रुपए वापस कर रहा है। परेशान पीड़ित ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की। जिसके बाद सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# निगोहां थाने व दुर्गा मंदिर, पुलिस चौकी को वाटर कूलर की सौगात



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मोहनलालगंज विकासखंड के निगोहां थाना, दयालपुर पुलिस चौकी समेत नगराम मोड़ पर स्थित दुर्गा मंदिर पर चौदहवें वित्त आयोग की क्षेत्र पंचायत निधि से 9लाख 90हजार रुपए की लागत से लगाये गये तीन वाटरकूलरो का रविवार को ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र दीक्षित समेत क्षेत्र पंचायत सदस्यो की मौजूदगी में फीता काटकर उद्घाटन किया।ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने लालताखेड़ा गांव में क्षेत्र पंचायत निधि से 5लाख44हजार की लागत से बनी इंटरलाकिंग मार्ग का लोकार्पण किया।ब्लाक प्रमुख ने कहा उनका प्रयास है क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा कार्य निधि से कराये जाये।उन्होने बताया अहिनवार धाम के चंद्र सरोवर के सौंदर्यीकरण समेत सुदौली मोड़ पर भवरेश्वर बाबा मंदिर के द्वार के निर्माण का भी प्रयास जारी है।इस मौके पर थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, माजिद फारूखी,प्रधान प्रतिनिधि पप्पू पाल,आशीष पांडे,बीडीसी मीरा देवी,प्रभु दयाल, मोनी शुक्ला,मायाराम त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# ई-चार्जिंग स्टेशन के लिए शहरों में 10 साल के लिए पट्टे पर मिलेगी जमीन



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश में ई-वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों में लोगों की जरूरत को पूरा करने के लिए ई-चार्जिंग स्टेशन लगाने की सुविधा देगी। ई-चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए इच्छुक लोगों को नगर निकायों द्वारा 10 साल के लीज पर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। पहले चरण में सभी 17 नगर निगमों के जमीन चिह्नित करने को कहा गया है। इस संबंध में नगर विकास के विशेष सचिव डा. राजेंद्र पैंसिया ने शासनादेश जारी करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश भेज दिए हैं। इसमें कहा गया है कि सार्वजनिक स्थानों, पार्किंग स्थलों, मेट्रो स्टेशनों, बस डिपो, टर्मिनल, पेट्रोल पंपों, सरकारी भवनों, कार्पोरेट भवनों, शैक्षिक संस्थानों, स्वास्थ्य संस्थानों, शॉपिंग मॉल के साथ ही वाणिज्यिक स्थानों, ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों आदि में चार्जिंग व स्वैपिंग सुविधा दी जाएगी। इसके लिए चार्जिंग सुविधाओं की स्थापना के लिए सेवा प्रदाताओं को भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए सरकारी संस्थाओं की भूमि 10 साल के लिए पहले पट्टे पर दी जाएगी। किराया पट्टा अवधि, राजस्व बंटवारा दर व अन्य निर्धारित मानकों के माध्यम से समय-समय पर तय की जाएगी। राज्य सरकार वर्ष 2030 तक पूरी तरह से इलेक्ट्रिक गाड़ियां चलाना चाहती है। इसके साथ ही पूरी तरह से ई-बसों को चलाने की तैयारी है।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली टीम देखेगी काम

ई-चार्जिंग व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही शहरों में अन्य नागरिक सुविधाओं की निगरानी प्रणाली को और पारदर्शी बनाने का फैसला किया गया है। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का भी गठन किया गया है ।यह समिति शहरों में जनता को मिलने वाली सभी सुविधाओं पर नजर रखेगी और यह भी देखेगी कि सुविधाएं तय समय पर मिल रही हैं या नहीं। साथ ही साथ ही पैसा निर्धारित कामों पर ही खर्च हो सकेगा।

# गरीब सवर्णों को निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की जाए

**सवर्ण आयोग का गठन किया जाए, एससीएसटी एक्ट की धाराओं में संशोधन हो**

**करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या करने वालों को जल्द फांसी दी जाए**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** गरीबी किसी की जाति पूछकर नहीं आती है। न ही गरीब की कोई जाति होती है। इसलिए गरीब सवर्णों को निःशुल्क शिक्षा, छात्रावास दिए जाएं। आरक्षित सीटों का सरलीकरण किया जाना बहुत जरूरी है।इस सबसे के लिए देश और प्रदेश में सवर्ण आयोग का तुरंत गठन जल्द किया जाए। यह बात बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन ने रवींद्रालय में कही।

श्री राजपूत करणी सेना उप्र. की ओर से चारबाग रवींद्रालय में रविवार को सवर्ण सम्मेलन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद आनंद मोहन ने आगे कहा कि आरक्षण पाकर उच्च पायदान पर पहुंचने वाले के परिवारीजनों को भी आरक्षण देना गलत है। लोग पीढ़ी दर पीढ़ी कुंडली मारकर आरक्षण ले रहे हैं। आरक्षण के मुद्दे पर समीक्षा होनी चाहिए।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना और प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने कहा कि करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. सुखदेव गोगामणि के हत्यारों को विशेष कोर्ट में जल्द से जल्द फांसी की सजा देनी चाहिए। स्व. गोगामणि ने खुद की हत्या की आशंका जताते हुए।

राजस्थान सरकार से सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन उनको सुरक्षा नहीं दी गई। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास सिंह ने मांग की कि संगठन के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल मकराना और प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह को जल्द सुरक्षा प्रदान की जाए। इस मौके पर पूर्व मंत्री राम सिंह राणा, बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष परेश मिश्रा, ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से रहे।

# भजनलाल, मोहन यादव और विष्णुदेव के जरिये यूपी में भी जातीय आधार बढ़ाएगी भाजपा

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** भाजपा शासित राज्य राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जरिये पार्टी यूपी में इन तीनों मुख्यमंत्रियों की जातियों के बीच आधार बढ़ाने में जुट गई है। पार्टी ने अपने ब्राह्मण, यादव और जनजातीय नेताओं को अपने-अपने समाज के बीच इसे पहुंचाने का संदेश दिया है कि पार्टी ने राजस्थान में ब्राह्मण, एमपी में यादव (पिछड़े) और छग में एक सामान्य आदिवासी परिवार के कार्यकर्ता को प्रदेश की कमान सौंपकर समाज का सम्मान बढ़ाया है।

यूपी में लंबे अर्से से कोई ब्राह्मण मुख्यमंत्री नहीं हुआ है। यादव समाज पर अपना हक समझने वाली समाजवादी पार्टी जब भी सत्ता में आई सरकार की कमान नेतृत्व वाले परिवार में ही रही है। ऐसे में यूपी में ब्राह्मण डिप्टी सीएम के बाद राजस्थान में सीएम बनाकर पार्टी इस समाज को यह संदेश देने में जुट गई है कि उनका सम्मान भाजपा में ही है। मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्य में यादव समाज से सीएम बनाकर यूपी में यादव समाज को बताना शुरू कर दिया गया है कि भाजपा में कोई भी किसी भी पद पर पहुंच सकता है, वह यादव ही क्यों न हो। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि यादव समाज सपा में नेतृत्व का पद तो कभी नहीं पा सकता। जब भी ऐसा अवसर आएगा, अखिलेश यादव या उनका परिवार ही मौका पाएगा। यूपी में आदिवासी मतदाताओं की संख्या तो ज्यादा नहीं है, लेकिन पूर्वांचल की कुछ सीटों को यह समुदाय प्रभावित करता है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज से सीएम बनाकर पार्टी ने दलितों-आदिवासियों को यह संदेश देने का प्रयास शुरू कर दिया है कि उनके हित भाजपा में ही सुरक्षित हैं।

पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में ब्राह्मण, यादव व आदिवासी समाज के बीच अपने सियासी प्रयोग का फायदा उठाना चाहती है। पार्टी ने तीनों जातियों से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों को इसके लिए सक्रिय कर दिया है। यादव समाज से जुड़े नेता और पदाधिकारी जहां मोहन यादव को सीएम बनाने के लिए पीएम मोदी का आभार जताते हुए पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स के जरिये इसका प्रचार कर रहे हैं। वहीं ब्राह्मण समाज के नेता भी अपने समाज के बीच भजनलाल शर्मा को सीएम बनाने के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार जता रहे हैं। जनजाति प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता भी विष्णुदेव साय के जरिए जनजाति समुदाय को साधने का प्रयास कर रहे हैं।

नेता और जनप्रतिनिधि समाज को बता रहे हैं कि भाजपा ने ही समाज को उचित नेतृत्व दिया है। अब इन समाजों के सामाजिक संगठनों के जरिये भी इसके लिए पीएम मोदी और भाजपा नेतृत्व का आभार प्रकट कराने की तैयारी है। उल्लेखनीय है कि यादव महासभा की ओर से तो मोहन यादव को सीएम बनाने के लिए भाजपा का आभार भी जताया जा चुका है।

# निवेशकों, बैंक की रकम हड़पने वाले तुलसियानी बिल्डर की ईडी जांच शुरू

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** पंजाब नेशनल बैंक के कर्ज की रकम और फ्लैट देने के नाम पर तमाम निवेशकों की गाढ़ी कमाई को हड़पने वाले राजधानी के तुलसियानी बिल्डर के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ईडी ने कंपनी के निदेशकों, प्रमोटर्स और गारंटर्स को नोटिस देकर तलब किया है।

ईडी ने तुलसियानी बिल्डर के खिलाफ यह कार्रवाई पुलिस में पीएनबी और तमाम निवेशकों द्वारा दर्ज करायी गयी एफआईआर के आधार पर की है। ईडी की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तुलसियानी बिल्डर ने कूटरचित दस्तावेज जमाकर 4.63 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। जब बैंक ने कर्ज वसूली के लिए पत्राचार किया तो बिल्डर ने कोई जवाब नहीं दिया। तत्पश्चात बैंक मैनेजर की शिकायत पर तुलसियानी ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और पूर्व निदेशकों पर राजधानी की हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। वहीं निवेशकों का करोड़ों रुपये हड़पने के आरोप में लखनऊ पुलिस अजय तुलसियानी और अनिल कुमार तुलसियानी को गिरफ्तार किया था। ईडी की प्रारंभिक पड़ताल में निवेशकों और बैंक का 30 करोड़ रुपये से अधिक रकम हड़पने की पुष्टि हो चुकी है।

## बिना जमीन बेच रहे थे फ्लैट

दरअसल तुलसियानी बिल्डर लुभावनी स्कीम पर लोगों को फ्लैट देने का वादा करके उनसे पैसे जमा करा रहा था, जबकि उसके पास जमीन तक नहीं थी। कंपनी के निदेशक राजधानी स्थित अंसल की सुशांत गोल्फ सिटी में फ्लैट बनाने का झांसा देकर रकम जमा कराते थे। फ्लैट नहीं मिलने पर बीते पांच वर्षों के दौरान दर्जनों निवेशकों ने कंपनी पर मुकदमा दर्ज कराया है। बाद में बिल्डर ने सुशांत गोल्फ सिटी में फ्लैट बनाए, लेकिन निवेशकों को कब्जा देने में टालमटोल करता रहा। इसकी रेरा में शिकायत होने पर तीन फ्लैट जब्त किए गए थे।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



**मोहनलालगंज।** गोविंदपुर के मजरा कोराना गांव में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत अवध प्रांत की लखनऊ जिला इकाई की बैठक संपन्न हुई , जिसमे क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्वी उ.प्र. डा० प्रमोद पांडेय ने मुख्य रूप से उद्बोधन दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष अनिल खरे द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय सचिव आशुतोष मिश्र द्वारा किया गया।उक्त कार्यक्रम में संगठन के परिचय के बारे में प्रांतीय स्वर्ण जयंती समारोह समिति के संयोजक डॉक्टर सत्येंद्र मिश्रा जी द्वारा बताया गया कि हमारा संगठन 1974 से ग्राहक हित में कार्य कर रहा है तथा 15 दिसंबर से 30 दिसम्बर ग्राहक जागरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। संगठन के लखनऊ जिला ईकाई के संयोजक अच्युतानंद पाठक ने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना वर्ष 1974 में हुई थी उन्होंने कहा कि ग्राहक राजा है वह चाहे तो अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के माध्यम से संगठित होकर पेट्रोल पंप पर होने वाली ठगी, नापतोल में धोखा, खाद्य पदार्थों में मिलावट आदि को रोक सकता है ग्राहकों को खरीदारी में समझदारी रखनी चाहिए।इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया संयोजक अशोक तिवारी, प्रधान ललित शुक्ला,उमेश तिवारी , सतीष शुक्ला, कन्हैया लाल द्विवेदी, विमल पांडे, अमित त्रिपाठी, सतीश कुमार मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे ।

# 31 दिसंबर तक तैयार हो जाएगा एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं वाला अयोध्या का रेलवे स्टेशन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** त्रेतायुग में सर्वसुविधा संपन्न रही श्रीराम की नगरी अयोध्या का प्राचीन वैभव दोबारा वापस लौट रहा है। एक तरफ श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी चल रही है। वहीं दूसरी तरफ अयोध्या नगरी को दिव्य स्वरूप प्रदान करने की कवायद तेज गति से चल रही है। मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से अयोध्या में जहां अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है, तो वहीं वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस रेलवे स्टेशन की सौगात भी जल्द अयोध्यावासियों को मिलने जा रही है। यह देश के सबसे खूबसूरत और आधुनिक सुविधाओं से संपन्न रेलवे स्टेशनों में से एक होगा।

## 10 हजार वर्गमीटर में है बिल्डिंग

अयोध्या में लगभग बनकर तैयार विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन के फेज 1 का काम पूरा हो चुका है। इसमें पहले चरण में अयोध्या स्टेशन के विस्तार को लेकर रेलवे 240 करोड़ रुपये खर्च किया जा रहा है। स्टेशन को नया लुक दिया जा रहा है। इसमें खूबसूरत भवन, पार्किंग, कर्मचारियों के लिए आवास, रेलवे पुलिस के लिए कार्यालय, तीन नए प्लेटफार्मों का निर्माण, रोड निर्माण, ड्रेनेज संबंधी कार्य सहित अन्य काम हो रहे हैं। अयोध्या स्टेशन की बिल्डिंग की बात करें तो यह 10 हजार वर्गमीटर में फैला है।

## लगभग पूरा हो चुका है काम

रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (राइट्स) के जेजीएम, एके जौहरी ने बताया कि अयोध्या रेलवे स्टेशन का काम 31 दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। नए भवन में फिनिशिंग का काम चल रहा है। यहां बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए लिफ्ट व एस्केलेटर, एसी वेटिंग रूम, वॉशरूम, पेयजल बूथ, फूड प्लाजा समेत अन्य सुविधाएं तैयार हो चुकी हैं। पूरे भवन को एसी बनाया गया है। दिव्यांगों के लिए रैंप की व्यवस्था होगी। स्टेशन करीब तीन किलोमीटर लंबा होगा। रेलवे स्टेशन के नए भवन का काम लगभग पूरा हो गया है।



## अर्श से लेकर फर्श से तक दिखेगी भव्यता

अयोध्या रेलवे स्टेशन के विस्तार का काम 2018 में शुरू हुआ था। पहले चरण में बने भवन को श्रीराम मंदिर की तर्ज पर भव्य और आकर्षक बनाया गया है। भवन में लगी टाइल्स, पत्थर, शीशे, दरवाजे, लाइटिंग आदि इसकी भव्यता का एहसास करा रहे हैं। भवन के बीच में लगा भारी भरकम पंखा व ठीक उसके नीचे बनी फर्श की डिजाइन का आकर्षण यात्रियों का मन मोहने को तैयार है। यही नहीं स्टेशन परिसर के बाहर का विशाल परिसर भी इसकी भव्यता का गवाह बन रहा है। गेट भी बनाए गए हैं।

## स्टेशन पर उपलब्ध होंगी ये सुविधाएं

तीन प्लेटफॉर्म, महिला, पुरुष एवं वीआईपी प्रतीक्षालय, फूड प्लाजा, कियोस्क, किताबों की दुकान, क्लॉक रूम, पर्यटक सूचना, यात्रा डेस्क, वाटर कूलर, दिव्यांगों के लिए अलग शौचालय, शिशु देखभाल कक्ष, यूएस रूम, बीमार कक्ष, लिफ्ट, 4 एस्केलेटर के अलावा बड़े कॉनकोर्स, वीआईपी लाउंज, प्रतीक्षा क्षेत्र, पर्यटक सूचना कार्यालय, रिटायरिंग रूम और लेडिज-जेंट्स डॉरमेट्री आदि सुविधाएं मिलेंगी।

## संक्षेप

### दो बाइकों की आमने सामने भिंडत, बुजुर्ग महिला व युवक घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बरुवाघाट मार्ग स्थित बरुवाघाट चौराहे पर दो बाईकों की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर के बाद एक बाइक पर सवार महिला समेत युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. वही दूसरी बाइक सवार युवकों ने बाइक खड़ी कर घायल युवक को बेरहमी से पीटा. घायलों को बांगरमऊ सी एच सी में भर्ती कराया गया फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र अंतर्गत फदार्पुर गांव निवासी विनीत 19 वर्ष पुत्र छोटेलाल शिवकली 65 वर्ष पत्नी शिवलाल देर शाम बांगरमऊ से अपने घर बाइक से जारहे थे.इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक से भिड़त हो गई पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### अनियंत्रित होकर गिरी बाइक युवक घायल, हालत गंभीर

औरास, उन्नाव। युवक अपनी बाइक से लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते से जा रहा था वही युवक की बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से युवक गिरकर गंभीररूप से घायल हो गया, राहगीरों ने घायल युवक को सीएससी में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने युवक की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जनपद अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोराना गांव निवासी नवीन कुमार पुत्र गजराज सिंह अपनी मोटरसाइकिल से लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते से लखनऊ किसी काम से जा रहे थे कि जैसे ही औरास थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 254 के पहुंचे ही थे अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल को यूपीडा व राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्नाव जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दियाजहा युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

### कूड़े के ढेर में मिला युवक का शव, हत्या की आंशका

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर मोहल्ला में रविवार सुबह संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव कूड़े के ढेर के पास पड़ा मिला। सुबह शव पड़ा देख आसपास के लोगों में हड़कंप मचा रहा। आनन-फानन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मोहल्ले के लोगों में युवक को गोली मारकर हत्या करने की होती रही चचाएं। सदर कोतवाली क्षेत्र के शिव नगर मोहल्ला के रहने वाले पवन यादव 43 पुत्र जगनंदन का शव रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे कोतवाली क्षेत्र के रामनगर मोहल्ला में कूड़े के देर के पास पड़ा मिला। शव पड़ा देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। शव पर तमाम चोटों के निशान दिख रहे हैं, जिससे गोली मारकर हत्या करने की भी क्षेत्र में चर्चा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। फिलहाल घटना की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# स्वच्छ भारत अभियान की खुलेआम उड़ाई जा धज्जियां

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र मे भारत सरकार की महात्पूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत घोषित की गई ओडीएफ पंचायतों में बनाए सामूदायिक सौंचालय सुविधा विहीन बने हुए, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि एवं सचिव द्वारा उपेक्षित रवैए से सौंचालाय परिसर के पास भी स्वच्छता विहीन है, वहीं रखवाली हेतु तैनात केयर टेकर भी पारिश्रमिक की गुहार गांव के मुखिया से लगा रही है।

समूचे जनपद के साथ ही फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों को स्वच्छता युक्त रखने हेतु ग्राम पंचायतों के हर घर को सौंचालय युक्त करने हेतु सरकार की मंशा को धरातलीय किया गया। तीन वर्ष पूर्व कोई भी ग्रामीण सौंचालय से वंचित न हो इस उद्देश्य प्रत्येक गांव में सामुदायिक सौंचालय भी ग्राम पंचायतों में बने। वहीं कुछ समय बाद से ही सरकार की महत्वाकांक्षा को जिम्मेदार उपेक्षित करने लगे थे। आज क्षेत्र की ग्राम पंचायत हुसैन नगर पट्टी परशुराम में बने सामूदायिक सौंचालय की स्थिति देखी गई, सौंचालय परिसर में गंदगी का अंबार लगा था। जल आपूर्ति हेतु पूर्व में लगाए गए समरसेबल वर्षो से खराब है जिससे जल आपूर्ति बाधित है। सौंचालय भी गन्दगी युक्त है। वहां तैनात केयर टेकर ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा साफ सफाई में किसी तरह का सहयोग नहीं किया जा रहा है। जब कभी भी हार्पिक आदि की मांग की जाती है तो बजट का अभाव की समस्या बता दी जाती है। केयर टेकर के अनुसार उसे पिछले एक साल से अधिक समय का मानदेय नहीं दिया गया है। उसने बताया जब कभी कोई सौचालय जाता है तो वह दूर हैंडपम्प से लाकर पानी देती है। वहीं कई ग्रामीणों ने बताया कि सौंचालय में जो समस्या उसके लिए प्रधान और सचिव की कमी है। गांव में सफाई कर्मी भी नही आता जिससे हम सब घर के आगे की नालियों को खुद साफ करते हैं।

# इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मां सिद्धेश्वरी महाविद्यालय द्वारिका नगर तिसंधा उन्नाव और मां सिद्धेश्वरी शिक्षा सेवा समिति शिवगढ़ रोड बछरावां के सहयोग से इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को ग्रीन फील्ड्स पब्लिक हाई स्कूल बछरावां में किया गया।इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवम अनुसंधान केन्द्र कैसरबाग लखनऊ से आई विशेषज्ञ टीम के डॉ विनय ,संध्या,सतीश मिश्र,गरिमा , प्रीती स्वाति आदि द्वारा लगभग 150 मरीजों के नेत्रों की जांच की गई,,जिसमे से 87 मरीजों को मोतिया बिंद के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए 23 जनवरी और 29 जनवरी 2024 की डेट में शिविर स्थल से अस्पताल तक ऑपरेशन करा कर वापस शिविर स्थल तक भेजा जायेगा ।आयोजक संस्था द्वारा समय समय पर इस प्रकार के चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते है ।संस्था के संस्थापक इंजिनियर अनुपम कुमार शुक्ल और ग्रीन फील्ड्स पब्लिक हाई स्कूल के प्रबंधक बाबू छत्रसाल सिंह द्वारा शिविर का आयोजन किया गया ।मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी विजय शुक्ला,नवोदय विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य श्री गोवर्धन मिश्रा,रामकुमार शुक्ला,राजेंद्र मिश्रा, दिलीप ।पाठक,,बाबू शुक्ला,रमेश सिंह,इंद्रपाल सिंह अविनाश शुक्ला,,ऋतिक मिश्रा,राजवीर सिंह मौजूद रहे ।कार्यक्रम के व्यवथापक अमित कुमार शुक्ला जी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा की हमारी संस्था द्वारा इस प्रकार के चिकत्सा शिविरो का आयोजन समय समय पर किया जायेगा जिसमे आप लोग आकर सेवा का लाभ ले सकते है।

# सार्वजनिक स्थानों पर जलवाए गए अलाव



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत द्वारा कस्बे में अलाव की व्यवस्था न किए जाने पर सभासदों व समाजसेवियों ने रविवार को आधा दर्जन सार्वजनिक स्थलों पर लकड़ी डलवाकर अलाव जलवाये। मौसम में बढ़ रही ठंड से नागरिकों व आने जाने वालों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर पंचायत द्वारा अलाव की व्यवस्था न किए जाने से रविवार को सभासद कुलदीप शुक्ला, श्यामानुज पाण्डेय, गोरक्षक दल के जिलाउपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, शिवानुज पाण्डेय, सुशील, विजय, ने निजी धन से कस्बे में माँ शीतला देवी चौराहा, पुरानी बाजार , बूढ़ेबाबा मैदान, गांधी चौक आदि सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए। जिससे नागरिकों को ठंड से राहत मिली।

# भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख की अगुवाई में संपन्न हुआ, विकासखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा स्टॉल लगाकर समस्याएं सुनी गई, विद्यालयों के बच्चों ने सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता पर नाट्य रूपांतरण में प्रतिभाग किया, बच्चों को मेडल पहनाकर उत्साह वर्धन किया गया। जानकारी के मुताबिक विकासखंड औरास के हसनपुर के प्राइमरी विद्यालय के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ब्लॉक प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह की अगुवाई में किया गया इस कार्यक्रम में प्राइमरी विद्यालय व जूनियर विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बहुत ही हर्षो उल्लास के साथ प्रतिभा किया गया जिसमें बच्चों ने दशार्या की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता पर विचार विमर्श एवं नाट्य रूपांतरण कार्यक्रम के जरिए लोगों को संदेश दिया , नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रतिभा को देखकर आए हुए लोगों का मन मोह लिया कार्यक्रम के अंत में प्रतिभा किए हुए बच्चों को प्रमुख ने मेडल पहनाकर उत्साह वर्धन किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगभग 800 लोगों को शपथ भी दिलाई गई, मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने स्थल पर लोगों की समस्याओं को सुना गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान बाल्मिक शर्मा, अनिल शर्मा ग्राम विकास अधिकारी, रिंकू सिंह, रामेश्वर सिंह, पूर्व प्रधान मिश्रीलाल मौर्या ,पूर्व प्रधान शिव प्रशाद आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# पति-पत्नी के 20 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्श केन्द्र, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 08, परिवार परामर्श केन्द्र से 05, थाना बांगरमऊ व थाना असोहा से 02-02, थाना कोतवाली सदर, थाना बेहटा मुजावर व थाना फतेहपुर चौरासी से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों मे राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा0 मनीष सिंह सेंगर अबरार हुसैन साबिहा उमर, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री तबस्सुम नफीस, नीना दीक्षित, अबसार अली खान, डॉ0 सगीर अहमद, सहयोगी शिवेन्द्र सिंह, एवं परिवार परामर्श केन्द्र से महिला उप निरीक्षक मधु श्रीवास्तव, महिला थानाध्यक्ष अर्चना महिला उप निरीक्षक भागीरथी, कमलेश कुमारी, सुमन वर्मा, पूजा शर्मा, सेविका, रूपाली,प्रीती, अंशू, अंजूला का विशेष योगदान रहा।

# चोरी का सिलसिला जारी दुकान का शटर तोड़ लाखों की चोरी

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। पुलिस द्वारा चोरियों पर रोक लगाने के दावों को चुनौती देते हुए चोरों ने नेशनल हाईवे के किनारे समर्सिबल मोटर रिपेयरिंग की दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोर चोरी कर ले गए।

बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अकवाबाद निवासी ओम नारायण सिंह पुत्र आनंद कुमार सिंह की दुकान गांव के सामने नेशनल हाईवे 31 काका मार्केट में ₹कानपुर सबमर्सिबल₹ के नाम से मोटर रिपेयरिंग का कार्य करते हैं प्रतिदिन की भांति देर रात दुकान बंद करके घर चला गया भोर पहर काका मार्केट के मालिक पप्पू द्विवेदी ने फोन कर बताया कि आपकी दुकान का शटर टूटा पड़ा हैं फोन की सूचना पर मौके पर पहुंच देखा की शटर का ताला व शटर टूटा पड़ा हुआ है पुलिस डायल 112 पर सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शटर के अंदर देखा तो सामान बिखरा पड़ा हुआ था दुकान से 12 बड़ी मोटर 8 छोटी मोटर 20 किलो का कापर तार 100 किलो स्क्रैच व अन्य सामान लगभग चार लाख रुपए कीमत का गायब है पीड़ित ने लिखित तहरीर थाने में पुलिस ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। ब्लाक क्षेत्र कमालपुर और, अजमत गढ़ी, भटपुरा, जसमंडा बब्बन गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का अयोजन किया गया ।जिसमे मुख्य अतिथि विधायक बृजेश रावत ने ग्रामवासियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया व लाभार्थियों को खतौनी, आवास के प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड आदि वितरित किये ।इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी जैवेंद रावत, ग्राम प्रधान आशीष यादव, कपिल निगम , आशीष मिश्र , अभिषेक, कुलदीप लोधी, अरुण दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# टैंपो व ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की दी जानकारी



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिदार्थ शंकर मीणा के कुशल निर्देशन में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिवस के तीसरे दिन प्रोग्राम रूपरेखा के अनुसार यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह मय हमराही टीम द्वारा ई रिक्शा चालकों, टेंपो चालक को गांधीनगर तिराहे पर एकत्र करके उनको यातायात नियमों की संपूर्ण जानकारी दी गई वह ई रिक्शा व टेंपो चालको को मानकों से परिचित कराया गया तथा उनके प्रपत्रों को भी चेक किया गया। इस कार्य में प्रभारी निरीक्षक यातायात के साथ मुख्य आरक्षी अनिल, आरक्षी मुकेश राजपूत आरक्षी रजत वर्मा व अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

# पात्र व्यक्ति योजनाओं से नहीं होगा वंचित - जयकुमार सिंह जैकी

## ग्राम पंचायतों में संपन्न हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



मलवां, फतेहपुर। जनपद के मलवा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हरसिंहपुर एवं हरदौलपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा गांव में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी का सभी ग्राम वासियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भव्य स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता मलवा खंड विकास अधिकारी रामकुमार वर्मा तथा संचालन आलोक गौड़ द्वारा किया गया कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि बिंदकी विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं निचले स्तर तक के पात्र तक हर हाल में पहुंच रही हैं जो निरंतर पहुंचती रहेगी कोई भी लाभार्थी योजनाओं से वंचित नहीं होगा पात्र लाभार्थी को सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड किसान सम्मन निधि आवास योजना पेंशन योजना समेत सभी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है कार्यक्रम में बाल विकास पुष्टाहार विभाग समेत अन्य विभागों के स्टाल लगाए गए वही कार्यक्रम के दौरान चार महिलाओं की गोद भराई गांव के लगभग 60 परिवारों को घरौनी का वितरण निपुण भारत मिशन अंतर्गत बच्चों को प्रमाण पत्र आयुष्मान एवं किसान सम्मान निधि से लाभान्वित होने वाले किसानों को प्रमाण पत्र सौंपे गए इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र गौतम समाजसेवी रमनजीत सिंह नायब तहसीलदार रचना राजस्व लेखपाल सुजीत कुमार खाद्य एवं रसद विभाग के पूर्ति निरीक्षक पवन कुमार खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह बाल विकास पुष्टाहार विभाग के सुरजीत सिंह समेत भारी संख्या में वरिष्ठ नागरिक एवं अधिकारीगण मौजूद रहे

# 25 दिसंबर को क्रिसमस नहीं तुलसी पूजन दिवस मनाये हिन्दू समाज



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नर सेवा - नारायण सेवा / हिन्दू जागरण मंच के तत्वाधान आगामी 25 दिसंबर को नगर में निकाली जाने वाली तुलसी पूजन दिवस विशाल यात्रा की तैयारियों को लेकर यात्रा के संस्थापक विमल द्विवेदी के आवास सिविल लाइन में बैठक बुलाई गयी जिसमे यात्रा को भव्यता व दिव्यता प्रदान करने हेतु आमजनमानस की अधिक से अधिक सहभागिता हो और टोलियो के साथ अलग अलग वार्डो में जनसम्पर्क कर यात्रा में सम्मिलित होने हेतु आमजनमानस को आमंत्रित करने का आग्रह किया गया वही होल्डिंग, बैनर, सोसल मिडिया के माध्यम से पूरे जनपद के सर्व समाज को आमत्रित किया गया है यात्रा रामलीला मैदान से 12 बजे प्रारम्भ होगी इसकी जानकारी विमल द्विवेदी ने दी और कहा कि आगामी 25 दिसंबर को क्रिसमिस डे नही तुसली पूजन को मनाए हिंदू समाज।

# इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के प्रहार से नस्त नाबूत हुआ भारी आम का वृक्ष

## क्षेत्राधिकारी ने निरीक्षण कराते हुए कार्यवाही का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुरे जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग अमौली मदरी रेंज के आजमपुर गढ़वा गांव के समीप एक हरे आम के भारी पेड़ पर अवैध रूप से इलेक्ट्रॉनिक मशीनों का प्रहार किया गया अवैध लकड़ी कटान करने वाले ठेकेदार ने ग्रामीण किसान के पेड़ को जड़ से धराशाई कर दिया सूचना मिलने पर पहुंची मीडिया टीम ने कवरेज करते हुए जिला वन अधिकारी क्षेत्राधिकारी समेत वन विभाग के अन्य अधिकारियों को सूचित किया सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी विवेकानंद गुप्ता ने बीट इंचार्ज वन दरोगा समेत विभागीय लोगों को मौके पर भेजा वही जानकारी लेने पर क्षेत्राधिकारी ने आश्वासन देते हुए बताया कि अवैध रूप से भारी आम के पेड़ की कटान कराई गई है जिसके लिए कटान करने वाले के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

चिंतन

## जी-20 में भारत की पहल से सीखे यूएन

वर्तमान वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में सुधार की फिर से वकालत की है। भारत ने कहा है कि जिस तरह भारत की अध्यक्षता में जी-20 में 51 देशों के अफ्रीकी संघ को शामिल किया गया है, उससे संयुक्त राष्ट्र को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार करना चाहिए। भारत स्थाई सदस्यता का प्रबल दावेदार है। यूएन सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की मांग करने वाले समूह ग्रुप-4 में भी जापान, जर्मनी व ब्राजील के साथ भारत शामिल है। 21 वीं सदी के हिसाब से व्यापक प्रतिनिधित्व आखिरकार, प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों के लिए एक शर्त है। संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को भी समकालीन बनाना चाहिए। सितंबर 2024 में होने वाला 'समिट ऑफ द फ्यूचर' संयुक्त राष्ट्र चार्टर व सुरक्षा परिषद समेत महासभा में सुधार का एक ''स्वर्णिम अवसर'' उपलब्ध कराता है। इस साल सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र के दौरान 85 से अधिक वैश्विक नेताओं ने महासभा से व्यापक और सार्थक सुधारों की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र को इस बिंदु पर गंभीरता से पहल करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में सुधार से इस वैश्विक संगठन की वैश्विक चुनौतियों से निपटने में प्रभावशीलता बढ़ेगी, उसकी अक्षमताओं में कमी आएगी, उसमें अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा व यूएन की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार होगा। अभी विश्व में रूस व यूक्रेन युद्ध व इजराइल व हमास जंग जारी है, अनेक क्षेत्रीय हिंसक संघर्ष चल रहे हैं, दुनिया अनेक संकटों का सामना कर रही है, ऐसे संयुक्त की भूमिका बढ़ जाती है, पर इसके लिए विस्तारित यूएन सुरक्षा परिषद चाहिए। इसलिए स्थायी और गैर-स्थायी सीटों का विस्तार किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 78 वर्ष पहले वर्ष 1945 की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व शांति और सुरक्षा को बनाए रखना है। यह देशों की विघटन प्रक्रिया तथा एक और विश्व युद्ध को रोकने में सफल रहा है। लेकिन 21वीं सदी का विश्व 20वीं सदी से बहुत अलग है और कई नई समस्याओं और वास्तविकताओं का सामना कर रहा है। आतंकवाद, सामूहिक विनाश, युद्ध, जलवायु संकट, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा संकट, खाद्यान्न आपूर्ति, स्वास्थ्य चुनौतियां और गरीबी उन्मूलन जैसे ट्रांस-नेशनल मुद्दों के समीचीन समाधान के लिए विस्तारित यूएन की जरूरत है। विश्व में अमेरिका व चीन के बीच ट्रेड वार के बहाने नए शीत युद्ध का उदय हो गया है। अमेरिका बनाम चीन-रूस तनाव एक नई वास्तविकता बन रही है। कई वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका और उसके यूरोपीय भागीदारों के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। बहुपक्षवाद पर संकट गहरा रहा है। कोविड महामारी समेत अनेक वैश्विक मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र प्रभावी प्रतिक्रिया देने में असमर्थ रहा है। अमेरिका व चीन ने अपने हितों व आपसी टकराव के चलते यूएन में व्यापक सुधार के एजेंडे को हमेशा डिरेल किया है। संयुक्त राष्ट्र न ही आज की सैन्य और आर्थिक शक्ति के वितरण को प्रतिबिंबित करता है और न ही एक भौगोलिक संतुलन को। सुरक्षा परिषद की संरचना अधिक लोकतांत्रिक होनी चाहिए। यूएन महासभा व प्रमुख निकायों में भी आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। सुरक्षा परिषद में सुधार के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सुधार पूरा नहीं होगा। संकीर्ण स्वार्थ से ऊपर उठकर अमेरिका, चीन, रूस आदि स्थाई सदस्य देशों को यूएन में सुधार का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

# प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व चौधरी मित्रसेन आर्य




स्मृति

सत्यवान आर्य

चौधरी मित्रसेन आर्य ने ऐसे कार्य किए जो हमेशा मिसाल बने रहेंगे। गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा था-हमें हर कार्य से पहले यह जांच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रूप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उसे नहीं करना चाहिए। चौ. मित्रसेन के आदर्श जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे।

इस परिवर्तनशील संसार में जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है, लेकिन जन्म लेना उसी का सार्थक है, जो अपने कार्यों से कुल, समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है। चौधरी मित्रसेन आर्य ने इस उक्ति को अक्षरशः चरितार्थ किया है। दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं, जो अपने सत्कर्मों के पदचिह्न छोड़ जाते हैं, जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य ऐसे ही व्यक्तित्व थे, जिन्होंने ऐसे कार्य किए जो मिसाल बने रहेंगे। गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा था-हमें हर कार्य को करने से पहले यह जांच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रूप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उसे नहीं करना चाहिए। चौ. मित्रसेन के आदर्श जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे। वे हंसते-हंसते पुरुषार्थ करने में विश्वास रखते थे।

15 दिसंबर 1931 को उनका जन्म हिसार जिले के खांडा खेड़ी गांव में चौधरी शीशराम आर्य के घर में माता जीयो देवी की कोख से हुआ। आपके परदादा चौ. शादीराम के भाई चौ. राजमल जैलदार स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के सहयोगी थे। शहीदे आजम भगतसिंह उनके यहां आया करते थे। चौ. मित्रसेन आर्य के पिता चौ. शीशराम आर्य ने भी आर्यसमाज को पोषित किया। कर्म में उनका गहरा विश्वास था। उन्होंने यही संस्कार चौ. मित्रसेन आर्य को भी दिए। इनका असर जीवनभर उनके ऊपर रहा। जब चौ. मित्रसेन आर्य केवल 8-9 वर्ष के थे तभी परिवार विपत्तियों से घिर गया। उनके पिता की काला मोतिया के कारण आंखों की रोशनी चली गई। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई। नतीजतन चौ. मित्रसेन को तीसरी कक्षा में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी। चौ. मित्रसेन आर्य को गोमाता से विशेष लगाव था। उनका कहना था कि स्वस्थ समाज की रचना गोमाता के द्वारा ही संभव है। युवावस्था में पहुंचते-पहुंचते उन्होंने वेदों, शास्त्रों, आर्ष साहित्य, सत्यार्थ प्रकाश और रामायण का अध्ययन कर लिया था। वैदिक संस्कृति, महर्षि दयानंद और सत्यार्थ प्रकाश का उन पर विशेष प्रभाव रहा। 1948 में आर्य जी का विवाह जींद जिले में स्थित गांव जुलानी के चौ. अमृत सिंह सहारण की बेटी परमेश्वरी देवी के साथ हुआ। कहते हैं हर सफल व्यक्ति के पीछे स्त्री का हाथ होता है। श्रीमती परमेश्वरी देवी ने हर कदम पर चौ, मित्रसेन आर्य का साथ दिया। जिस कारण सफलता की राह उनके लिए आसान होती चली गई। चौ. मित्रसेन आर्य खुशी-खुशी पुरुषार्थ में विश्वास रखते थे। शुरू से ही वे अपना स्वयं का व्यवसाय करना चाहते थे, लेकिन इसके लिए अनुभव जरूरी था। इसलिए उन्होंने करीब नौ साल तक रोहतक, उदयपुर, हिसार, सोनीपत आदि में नौकरी को और तकनीकी ज्ञान हासिल किया। शुरू में साझे में और फिर 1957 में उन्होंने रोहतक में अपना व्यवसाय शुरू किया। 1957 में हिन्दी आंदोलन शुरू हो गया। इस आंदोलन में चौ. मित्रसेन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा




लिया। इसी कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। जेल जाने के कारण काम बिखर गया, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार आगे बढ़ते रहे। इस आन्दोलन के क्रान्तिकारी बनकर साढ़े चार महीने कारावास में बिताए। आर्यसमाज के आन्दोलन के कारण पंजाब सरकार के मंसूबे निष्फल हो गये तथा हरियाणा में हिन्दी भाषा राजकीय भाषा बन गई। सातवें दशक के शुरू में उन्होंने व्यवसाय बढ़ाने के लिए हरियाणा से बाहर का रुख किया। 1961 में उड़ीसा के एक व्यवसायी के साथ उन्होंने वर्कशाप लगाई। इसके बाद 1964 को बड़बिल में वर्कशाप शुरू की। यह उनकी लग्न और अथक परिश्रम का नतीजा था कि 1967 आते-आते चौ. मित्रसेन देश के बड़े कारोबारियों में शुमार हो गए। आधुनिक खेती में योगदान के कारण भारत सरकार उन्हें दिसंबर 2003 में कृषि विशारद की उपाधि से सम्मानित किया। हरियाणा सरकार ने ही उन्हें 2002-03 में चौधरी देवीलाल किसान पुरस्कार से सम्मानित किया।

वेद के आदर्शों को अपनाने वाले चौधरी मित्रसेन ने इस सूत्र को चरितार्थ किया-मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे। उनका व्यवहार सबके लिए मित्र के समान ही था। वे कहते थे कि मनुष्य के पांच शत्रु हैं- काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार। वे अज्ञानता, आलस्य, अन्याय और अभाव को बाह्य शत्रु मानते थे। 1962 में स्वामी धर्मानन्द के सम्पर्क में आने के बाद चौ. मित्रसेन आर्य ने गुरुकुल शिक्षा पद्धति की परम्परा को मूर्तरूप प्रदान किया। इनमें मुख्य है गुरुकुल वेदव्यास राउकूल, गुरुकुल शान्ति आश्रम लोहरदगा झारखंड, श्री जगन्नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमउधारा छत्तीसगढ़। इस तरह करीब 30 से ज्यादा गुरुकुल और स्कूलों को चौ. मित्रसेन आर्य द्वारा सहायता निरन्तर जारी है।

चौधरी साहब वेद और महर्षि दयानन्द सरस्वती के सिद्धान्तों पर अटल विश्वास रखते थे। जीवनपर्यन्त उनका दृढ़ विश्वास रहा कि कर्मयोग के द्वारा शान्तिदायक, सुखद, समृद्धि सम्भव है। इसी का परिणाम था कि चौधरी साहब ने शून्य से यात्रा शुरू करके शिखर तक पहुंचाया। परोपकार उनके जीवन का अभिन्न अंग था। जब गुजरात में भूकंप आया और कई गांव तहस नहस हो गए तो उन्होंने श्री साहिब सिंह वर्मा के साथ राष्ट्र स्वाभिमान और ग्रामीण स्वाभिमान के आह्वान पर रिकार्ड 100 दिनों में इन्द्रप्रस्थ नामक नया नगर बसाया इसमें 800 परिवारों को बसाया गया। इस नगर का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति चौ. मित्रसेन के मन में अगाध श्रद्धा थी। वे शहीद स्थलों को तीर्थ स्थलों के समान मानते थे। उन्होंने देश के रक्षा कोष में भी बहुत बड़ी धनराशि दी। राजनीति में चौधरी मित्रसेन आर्य की रुचि नहीं थी, लेकिन उनका मानना था कि राजा को सर्वहितकारी होना चाहिए। उनका कहना था कि जाति का निर्धारण जन्म से नहीं, कर्म से होता है।

वह एक ऐसे मनस्वी थे जिन्होंने अपने कर्मबल से अपने निवास को किसी भी देवालय जितना पूज्य और पवित्र बना लिया था। जिस किसी ने भी उनके रोहतक स्थित आवास का भ्रमण किया है वह कथ्य से किंचित मात्र भी असहमत नहीं हो सकता। चौ. मित्रसेन की सरल, साफ-सुथरी तथा संघर्ष भरा जीवन किसी के लिए भी पथ-प्रदर्शक हो सकती है। उनका व्यक्तित्व आने वाले पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

सुरक्षा चूक

अवधेश कुमार



## संसद धुआं कांड बेहद गंभीर

संसद के अंदर और बाहर की घटना ने पूरे देश को विस्मित किया है। लोकसभा के अंदर दो व्यक्तियों का कूदना, परिसर के बाहर नारे लगाना, धुआं छोड़ना निश्चित रूप से संपूर्ण देश के लिए चिंता का विषय है। लोकसभा में दर्शक दीर्घा से कूदने वाले सागर और मनोरंजन डी तथा बाहर परिवहन भवन के सामने नारा लगाने वाले अमोल शिंदे और नीलम सबके पास एक ही प्रकार का रंगीन स्प्रे था। हालांकि इन सबके बीच संबंध था और इस कारण तारतम्यता भी, लेकिन बाहर सड़क पर परिवहन भवन के सामने कोई भी खड़ा होगा, नारा लगाएगा या धुआं छोड़ सकता है। उसे सुरक्षा चूक नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह खुली जगह है। अंदर की घटना को सुरक्षा चूक कहने में इसलिए हर्ज नहीं है, क्योंकि सागर और मनोरंजन जूते में छुपा कर कलर स्मोक क्रैकर लेकर चले गए और गैस छोड़ कर डर पैदा कर दिया। छह आरोपी बनाए गए हैं जिनमें से पांच पकड़े जा चुके हैं। केंद्रीय लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर गृह मंत्रालय ने घटना की जांच का आदेश दे दिया है। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह की अध्यक्षता वाली जांच समिति में सुरक्षा एजेंसियों के सदस्य और विशेषज्ञ शामिल होंगे। अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी चाहिए। किंतु यह ऐसी घटना नहीं है जिसकी अनदेखी की जाए। वास्तव में इसके कई पहलू है जिसकी गंभीरता से विवेचना होनी चाहिए। संसद में आने जाने वाले जानते हैं कि वहां किस तरह की तीन स्तरीय और बाहर को मिला दें तो चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। इन पर चर्चा आगे करेंगे, पहले घटना से जुड़े मुख्य पहलुओं को देखें। अमोल महाराष्ट्र के लातूर का और नीलम हरियाणा के जींद की रहने वाली है, जबकि सागर उन्नाव का और मनोरंजन मैसूर का रहने वाला है। इन चारों में इतने संबंध कैसे हुए कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से समन्वित और सावधानीपूर्वक अपने कारनामों को अंजाम दिया। अभी तक की जानकारी के अनुसार संसद आने से पहले यह सब गुरुग्राम में विक्रम के घर पर रुके थे। आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में एक दूसरे से संपर्क होना कठिन नहीं है। लेकिन यह सब एक दूसरे से इतने जुड़ गए और इन्होंने इस तरह की योजना बना ली और पूरा किया तो इसकी गहराई से जांच करनी होगी कि क्या सब कुछ इन्होंने ही किया या उनके पीछे और भी हैं, जिन्होंने भी किया उनका उद्देश्य क्या था? बेरोजगारी या तानाशाही आदि का नारे लगाने के लिए संसद से कूद कर भय पैदा करने की आवश्यकता नहीं थी। वैसे भी संसद हमले की वार्षिकी पर ऐसा करने वाला कोई सकारात्मक सोच का आंदोलनकारी नहीं हो सकता। यह देखना होगा कि उनके मस्तिष्क में ऐसी बात आई क्यों? जय भीम जय भारत के नारे का यहां अर्थ क्या है? जैसा हम जानते हैं सदन के भीतर कोई दर्शक तभी जा सकता है जब किसी सांसद की सिफारिश हो। इसके लिए विजिटर फार्म होता है जिसमें पूरी जानकारी भरनी होती है और उसमें संसद को हस्ताक्षर करना होता है। संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही मजबूत है। मुख्य भवन की सुरक्षा पार्लियामेंट्री सिक्योरिटी सर्विस के पास होती है। यह पूरे परिसर पर दृष्टि रखती है। संसद के दोनों सदनों में दर्शकों के लिए दीर्घा है। कोई भी आम व्यक्ति सदन की कार्यवाही देख सकता है। पास बनाने के लिए संबंधित व्यक्ति को सांसद का सिफारिशी पत्र और आधार कार्ड या फिर कोई दूसरा पहचान पत्र देना होता है। रिसेप्शन पर विजिटर की जांच की जाती है। सही पाए जाने पर फोटो पहचान पत्र बनता है। इन्होंने पहली पंक्ति में ही अपने लिए बैठने की व्यवस्था की। जब पीछे के दर्शकों का समय पूरा हुआ, वो जाने लगे तब इनमें से एक अंदर कूदा, दूसरा लटका और फिर जो कुछ हुआ वह सब हमारे सामने आ चुका है। आखिर यह सोचने की बात है कि कई महीनो से मनोरंजन भाजपा के सांसद प्रताप सिन्हा के यहां ही पास के लिए क्यों दौड़ लगा रहा था? क्या यह साबित करना था कि भाजपा के संसद के पास से ही संसद के अंदर ऐसी घटना हुई? मनोरंजन के पिता दक्षिण मैसूर के सांसद प्रताप सिंह के परिचित हैं। पूरे घटनाक्रम को देखने के बाद निस्संदेह आने वाले समय में इसके पीछे का षड्यंत्र सामने आएगा।

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। *- स्वामी विवेकानंद*

## समस्याएं तो आती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फर्जीवाड़े से आर्थिक बोझ बढ़ेगा

केंद्र सरकार ने एक बार फिर देश के गरीबों को राहत देते हुए, उनके लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त का राशन देने की अवधि को लगभग पांच वर्ष तक बढ़ाकर अच्छा प्रयास किया है। लेकिन अगर इसकी निष्पक्ष और उचित जांच की जाए तो यह तय है कि इस पर भी समृद्ध लोग कुंडली मारे बैठे होंगे। मीडिया में ऐसे फर्जीवाड़ों की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि सरकारी खजाने में विभिन्न रूपों में जो कर जमा होता है या किया जाता है, उसे देश के गरीबों की भलाई के लिए लगाया जाए, लेकिन हमारे देश में गरीबों को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मुफ्त की सेवाओं में पारदर्शिता न होने के कारण इसमें भी भ्रष्टाचार होता है, फर्जीवाड़े होते हैं जिससे देश पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

*–सूरज वर्मा, दंतेवाड़ा*

## ट्रेंड

### मिलकर काम करने को उत्सुक



पोलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर महामहिम डोनाल्ड टस्क को बधाई हो। मैं भारत और पोलैंड के बीच दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बिल्कुल अपमानजनक



किसी भी महिला को स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने के लिए अदालत जाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन रिपब्लिकन निर्वाचित अधिकारियों की बदौलत टेक्सास में ठीक वैसा ही हुआ, और यह बिल्कुल अपमानजनक है।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### आर-पार देखने में सक्षम हो



जब हार्मोन सक्रिय होते हैं, तो वे आपकी पूरी दृष्टि को विकृत कर देते हैं। आपको किसी गुफा की ओर जाने की ज़रूरत नहीं है, लेकिन आपको इसके आर-पार देखने में सक्षम होना चाहिए।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### एक साझा विरासत




इतिहास व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए नहीं है- यह एक सबक है। यदि यह आपको चुनौती देता है, तो यह अच्छा है, क्योंकि इससे पुनरावृत्ति की संभावना कम हो जाती है। इसे मिटाना नहीं है. यह हम सभी के लिए एक साझा विरासत है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### लक्ष्य हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी


रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन को लेकर उनके देश के लक्ष्यों में कोई बदलाव नहीं आया है और इनके हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी। उन्होंने वर्ष के अंत में होने वाले सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लेकर रूस के लक्ष्यों में 'नाजीवाद का खात्मा', 'असैन्यकरण' और देश की तटस्थ स्थिति स्थापित करना शामिल है और इनमें कोई बदलाव नहीं आया है। पुतिन ने फरवरी 2022 में जब सैनिकों को यूक्रेन भेजा था तब भी उन्होंने इन लक्ष्यों को रेखांकित किया था।



## ऑफ बीट

### कोशिकाओं में छिपे कोरोना वायरस का लगाया पता

अनुसंधानकर्ताओं ने शरीर की कोशिकाओं के अंदर कोरोना वायरस (सार्स कोव-2 वायरस) के छिपे संभावित भंडार की पहचान की है जो कोविड-19 की निरंतरता और इससे फिर से संक्रमित होने पर प्रकाश डाल सकता है। नयी दिल्ली के यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान के अनुसंधानकर्ताओं ने बाह्यकोशिकीय पुटिकाओं (ईवी) यानी कोशिकाओं से निकले सूक्ष्मकणों का अध्ययन किया और महत्वपूर्ण जानकारी सामने लायी। उन्होंने कहा कि मानक आरटी-पीसीआर प्रक्रिया में जो व्यक्ति 'निगेटिव'' पाये गये उनके ईवी में सार्स कोव-2 के आरएनए या आनुवांशकीय सामग्री पायी गयी।



## संक्षेप

### बांदा में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

#### जल शक्ति राज्यमंत्री हुए शामिल, स्कूली बच्चे और एनसीसी कैडेट्स के माध्यम से लोगो को किया जागरूक

बांदा, जनपद में आज सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमे मुख्य अथिति जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद शामिल हुए वही दीप प्रज्वलित कर पखवाड़े कार्यक्रम का आरंभ किया गया है। वही 15 दिसंबर से लेकर 34 दिसंबर तक यह कार्यक्रम चलेगा। इस कार्यक्रम के स्कूली बच्चे और एनसीसी कैडेट्स के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जायेगा। मामला बांदा जनपद के बाबूलाल चौराहे से सामने आया है जहां पर आज सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ जल शक्ति राज्य मंत्री के द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया। वही यह कार्यक्रम 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना सीखें और जब भी बाइक चलाएं तो हेलमेट अवश्य पहनें साथ ही कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट के प्रयोग करे। वहीं पर लोगों को हिदायत दी गई की नशा करके वहन मत चलाएं। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों एनसीसी कैडेट के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया और रैली निकाली गई इस रैली में बांदा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल बांदा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के साथ कई अधिकारी मौजूद रहे हैं।

### प्रयागराज में सड़क हादसे में महिला की मौत

#### बेटे के साथ घर लौट रही थी, रास्ते में ट्रक ने टक्कर मार दी

मेजा, प्रयागराज में अनियंत्रित ट्रक ने बेटे के साथ बाइक से जा रही महिला को टक्कर मार दिया। जिससे महिला की मौके पर महिला की मौत हो गई। हालांकि उसका बेटा बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों ने घेराबंदी करते हुए ट्रक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई मे जुट गई। घटना मेजा थाना क्षेत्र के लुतर गांव के समीप की है। मेजा थाना क्षेत्र के करदहा गांव निवासी संतोष प्रजापति पत्नी सुनीता प्रजापति (40) गुरुवार की देर शाम अपने बेटे के साथ घर जा रही थी। लूतर गांव के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सुनीता की मौके पर मौत हो गई और बेटा बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एक्सीडेंट की सूचना पर खौर गांव के ग्रामीणों ने ट्रक चालक को घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया। मेजा थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। ट्रक को सहित चालक हिरासत में लिया गया है।

# वैदिक विधि विधान से हुआ धनुषयज्ञ मेले का शुभारम्भ

#### पड़ोस के जनपदों सहित नेपाल से भी आते हैं सैकड़ो मेलार्थी

#### अगहन सुदी पंचमी से प्रतिवर्ष लगता है 15 दिवसीय विशाल मेला

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीमा क्षेत्र के अंतर्गत धनुष यज्ञ राम विवाह के उपलक्ष्य के अवसर पर लगने वाला 15 दिवसीय मेला देश-विदेश तक प्रसिद्ध है। बताते चले प्रति वर्ष अगहन मास के शुक्ल पक्ष के पंचमी के दिन बाबा परमहंस कुटी लगने वाले मेले का उद्घाटन नानपारा विधायक अपना दल (एस) राम निवास वर्मा व ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह ने सयुक्त रूप से विविध विधि विधान व रीति रिवाज के साथ फीता काट कर किया। बताते चले रविवार को श्री राम जानकी मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष बाबादीन वर्मा के देखरेख में उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जन समुदाय कों सम्बोधित करते हुए



विधायक श्री वर्मा ने कहा कि मेला कमेटी को मेरी तरफ से हर संभव सहयोग मिलता रहेगा। कुटी परिसर के विकास हेतु शासन से लगभग एक करोड़ धन की स्वीकृति मिल चुकी है, जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। तत्पश्चात प्रमुख श्री सिंह ने मेला परिसर में स्वच्छता पर बात कही। इस दौरान मेला प्रभारी एडवोकेट सुरेश गुप्ता ने कहा कि यह मेला सैकड़ो वर्षों से लगता चला आ रहा है मेले की मान्यता है की जो भी श्रद्धालु बाबा परमहंस खुशी पर अपनी मनौती मांगता है बाबा उसकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक कौशल किशोर वर्मा ने किया। मेला में मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र ड्रैगन झूला, मौत कुआं, कॉस्मेटिक दुकान, बुलंदशहर की प्रसिद्ध खजला, खिलौने की दुकाने सहित अन्य जरुरत की दुकाने सजी हैं। चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविन्द वर्मा ने मेला कमेटी व दूर दराज से आए हुए दुकानदार और मेलार्थियों को चौबीस घंटे सुरक्षा देने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर बृजेंद्र मिश्रा, पेशकार पटेल, प्रमोद पटेल, कैलाशनाथ वर्मा, बनारस गिरि, रूद्र प्रताप मिश्रा, रावेंद्र शर्मा, जीतेन्द्र शर्मा, कैलाश नाथ वर्मा, जगदंबा प्रसाद, उत्तम कुमार, हरिराम आर्य आदि उपस्थिति रहे।

# एक फोन पर होगा समस्या का समाधान जारी, हुआ हेल्पलाइन नंबर

## स्वच्छ नगर पंचायत बनाने की अनूठी पहल की हुई शुरूआत

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। नवसृजित आदर्श नगर पंचायत मिहींपुरवा को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए एक अनूठी पहल शुरू की गई है। सोशल मीडिया ग्रुप के साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिसका नंबर 7307527574 है। हेल्पलाइन नंबर सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक कार्य करेगा। जिससे नगर पंचायत क्षेत्र का कूड़ा उठाने के साथ ही कोई भी नगरवासी अपनी समस्याओं को घर बैठे हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करके समाधान प्राप्त कर सकता है। मिहींपुरवा नगर पंचायत में 15 वार्ड है। जहां पर साफ सफाई के साथ ही अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नगर वासियों को कूड़ा उठाने नाली साफ सफाई तथा नगर पंचायत में चल रही योजनाओं की जानकारी के लिए एक हेल्पलाइन नंबर शुरू किया गया है।

हेल्पलाइन नंबर पर सीधे नगर वासी अपनी समस्या की शिकायत कर सकते हैं और समाधान की जानकारी भी इस हेल्पलाइन नंबर से प्राप्त कर सकते हैं। बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया कि नगर वासियों को नगर पंचायत क्षेत्र में लाइट, नाली साफ सफाई कूड़ा आदि के संबंध में कोई भी समस्या हो तो बिना किसी दौड़ भाग के घर बैठे ही जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करवाए समस्या का समाधान होगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया ने बताया कि नगर पंचायत को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है । नगर पंचायत के लोग हेल्पलाइन के माध्यम से लाइट खराब होने नाली साफ सफाई तथा कूड़ा उठाने के संबंध में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं जैसे वह हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएंगे सुपरवाइजर मौके पर पहुंचकर जांच करेंगे और तत्काल समस्या का समाधान होगा। नगर पंचायत की इस अनूठी पहल की लोग सराहना कर रहे हैं।

# बैटरी ई रिक्शा चालकों को बताए यातायात के नियम



#### कैसरगंज कोतवाल की अनूठी पहल

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज कोतवाल की जानिब से बैटरी ई रिक्शा चालको को थाने में इकट्ठा करके सभी को यातायात के नियम कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया। कोतवाल कैसरगंज ने सभी बैटरी ई रिक्शा चालकों को सख्त हिदायत देते हुए बताया कि कोई भी बैटरी ई रिक्शा चालक बगैर डी एल के बगैर गाड़ी के कागज के नशे की हालत में कतई गाड़ी नहीं चलाएगा और साथ ही साथ अगर बगैर डी एल के गाड़ी चलाते हुए कोई भी व्यक्ति पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल कैसरगंज ने सभी बैटरी ई रिक्शा के गाड़ी के ऊपर निशानदेही कार्रवाई और सभी बैटरी रिक्शा चालकों के गाड़ी के ऊपर लेख करवाया कि कौन सी गाड़ी कहां से कहां चलती है।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की तहसील इकाई का हुआ गठन

## एम. रशीद बने अध्यक्ष तो दिलीप नरायण मदेशिया व विनोद शर्मा उपाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। रविवार को तहसील मिहींपुरवा अंर्तगत मिहींपुरवा कस्बे में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की एक बैठक आहुत की गयी। जिसमें तहसील मिहीपुरवा इकाई का गठन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा रहे तथा विशिष्ठ अतिथि जिला महामंत्री मोनिस अजीज व कोषाध्यक्ष रमन सोनी रहे। बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री एवं जिला कोषाध्यक्ष ने तहसील के सात पत्रकारो को श्रमजीवी यूनियन की सदस्यता दिलायी तत्पश्चात सर्व सम्मति से तहसील अध्यक्ष हेतु एम. रशीद तथा उपाध्यक्ष पद पर दिलीप नरायण मदेशिया एवं विनोद शर्मा का चयन किया। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने संगठन विस्तार में शामिल सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये कहा कि श्रमजीवी संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन है इसलिये इस संगठन में शामिल होने के बाद संगठन की गरिमा बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है उन्होने कहा कि सभी संगठन के साथी एकजुट होकर काम करें जिससे समाज हित में कार्य किया जा सके।

श्रमजीवी तहसील अध्यक्ष एम. रशीद ने कहा कि श्रमजीवी संगठन से जुड़ने के बाद सभी नव नियुक्त साथी जिला पदाधिकारियों की ओर से दिये गये दायित्व को पूर्ण लगन के साथ पूरा करने का प्रयास करें। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, जिला महामंत्री मोनिस अजीज, कोषाध्यक्ष रमन सोनी, तहसील अध्यक्ष एम. रशीद, उपाध्यक्ष दिलीप नरायण मदेशिया, उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, अनिल मिश्रा, जमील कुरैशी, विशाल अवस्थी, आदर्श पांडेय आदि पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# 400 मरीजों का किया गया निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के बरकत मार्केट पुरैनी में सिटी हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर द्वारा 400 से अधिक मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं अस्पताल द्वारा उक्त समस्त मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। हॉस्पिटल के संचालक डॉ रेहान द्वारा उक्त शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डॉ रेहान ने कहा गरीब मरीजों की सेवा करने एवं ग्रामीण क्षेत्र में उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का हमने संकल्प लिया है उक्त शिविर का आयोजन इसी की एक कड़ी है उक्त शिविर का लाभ हमारे क्षेत्र के गरीब ग्रामीणों को मिल रहा है जो बड़े शहरों में जाकर उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में सक्षम नहीं है इसी के साथ निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण एंव दवा वितरण से इस शिविर से लाभान्वित हो रहे हैं। निःशुल्क चिकत्सा शिविर में डॉ आमिर, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इश्तियाक अहमद, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सत्या तिवारी, डॉ सुफियान, डॉ संतोष यादव, डॉ जमील अहमद, सहित हॉस्पिटल समस्त स्टॉफ ने अपना योगदान देकर कैम्प में आये मरीजों को परीक्षण किया। इस अवसर पर बरकत प्रधान, जेबी यादव, डॉ जीशान आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




# ठंड से राहत के लिए जिले में जल रहे हैं अलाव

#### गरीबों व असहायों को बांटा जा रहा कम्बल

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से शासन व जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के साथ-साथ गरीबों को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने हेतु कम्बल का वितरण किया गया।



यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि तहसील प्रशासन द्वारा नानपारा में 35, मिहींपुरवा में 18, पयागपुर में 20, सदर में 80 व महसी में 50 कम्बलों का वितरण किया गया। जबकि बहराइच सदर में 11, कैसरगंज में 12 व महसी में 15 व नानपारा, पयागपुर व मोतीपुर (मिहींपुरवा) में 10-10 15 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। एडीएम ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा समस्त तहसीलों को निर्देशित किया है कि शीत ऋतु में निर्धन, असहाय व निराश्रितों को राहत पहुंचाये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार के अनुसार कम्बल वितरण, अलाव के साथ-साथ रैन बसेरों का संचालन किया जाय। ताकि ठंड के दौरान बेघर व यात्रियों को कोई असुविधा न होने पाये।

# विधवा महिलाओं द्वारा बनवाए गए तालाब का अस्तित्व खतरे में

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। फतेहपुर जनपद के विकाश खंड खजुहा का है जहा विकाश खंड मुख्यालय के सामने बने सैकड़ों वर्ष पूर्व विधवा महिलाओं द्वारा बनवाए गए तालाब का अस्तित्व खत्म होने की कगार में पहुंच गया है। कारण यह है कि इस तालाब में जलकुंभी नामक एक खर पतवार ने अपना कब्जा जमा रखा है जिसके कारण तालाब में शून्य की स्थित पैदा हो गई है। कभी यह तालाब स्वच्छ पानी से परिपूर्ण रहता था जिसके चलते यहां के लोग स्नान करते थे साथ ही मवेशी पालक मवेसियो को पानी पिलाने के लिए लाते थे जब की वर्तमान समय में यदि कोई मवेशी हो या व्यक्ति इस जलकुंभी में फंस जाए तो




निकालना मुश्किल हो जाएगा। जब कि डबल इंजन की सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि मंदिर कुआं और तालाब की देखरेख प्रमुख एजेंडे में है इन तीनों जगहों को स्वच्छ और साफ रखा जाए पर ऐसा नहीं है। क्या यह माना जाय की सरकार द्वारा जारी योजनाओं को अधीनस्थ मशीनरी तंत्र पूरी तरह से विफल करने के अपनी कमर कस चुके है। अगर देखा जाए की तालाब के अगल बगल में डाला गया कूड़ा और गंदगी ने अपने पैर पसार कर स्वयं को विकसित कर लिया है। जब कि मुगल रोड के किनारे बने तलाब के बगल से निकलने वाले रास्ते से जन प्रतिनिधियों का बराबर आवागमन जारी रहता है, पर कोई ध्यान नहीं देता है। क्या उन लोगों की नजर नही पड़ती। क्या अधीनस्थ अधिकारी या कर्मचारी ध्यान देंगे या फिर तालाब अपना वजूद खो देगा।

# हमीरपुर में खेत पर अवैध कब्जे को लेकर जानलेवा हमला

- इन्साफ ना मिलने पर पीड़ित की बेटियां पहुंची एसपी की चौखट, थाना पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर में आज एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए पुलिस पर सवालिया निशान लगाये हैं। पीड़ितों ने बताया की खेत पर अवैध कब्जे को लेकर मेरे पिता पर जानलेवा हमला किया गया, जिनका उरई मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जिससे उनके हौसले बुलंद हैं आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं। खेत पर अवैध कब्जे को लेकर जानलेवा हमला करने का यह मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी गाँव का है। पुरैनी गाँव में बीती 9 दिसंबर को खेत की मेड पर चारा रखने को लेकर दो सगे भाइयों में विवाद हुआ था, इसी दौरान एक पक्ष ने दुसरे पक्ष के साथ ना सिर्फ मारपीट की थी बल्कि कुल्हाड़ी से दुसरे पक्ष पर हमला किया था। इस हमले में दिनेश कुमार गंभीर घायल हुआ था। तब उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे उरई मेडिकल कालेज रिफर किया था। और पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया था, लेकिन आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। गंभीर घायल दिनेश कुमार की बेटी नीलम ने आज पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया की खेत की मेड पर अवैध कब्जे को लेकर उसके बड़े पापा बाबूराम सहित उनके परिवारीजनों ने पिता दिनेश कुमार के साथ मारपीट की और मेरे चचेरे भाई धर्मपाल ने पिता के सर पर कुल्हाड़ी से वार किया था।

# 5 छात्रों का मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

## हमीरपुर में सेठ छोटेलाल अकादमी की प्रधानाचार्य ने दी बधाई

अमन लेखनी समाचार



राठ, हमीरपुर में सेठ छोटेलाल अकादमी के 5 छात्र छात्राओं का राज्य सरकार के प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित एवं जिला विज्ञान क्लब के द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में पुरुस्कार विजेता एवं मंडल स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है। जिसके बाद सभी चयनित विद्यार्थियों को सेठ छोटेलाल अकादमी में उनके चयन पर हर्ष व्यक्त करते उन्हें शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य आशिया बुसरा ने बताया कि बीते दिनों हमीरपुर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हुई राज्य सरकार के प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा प्रायोजित एवं जिला विज्ञान क्लब के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में कक्षा 9 के छात्र आदर्श सोनी ने चंद्रयान-3 का मॉडल बनाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 की ही छात्र साध्वी तिवारी ने स्टेम सैल का मॉडल बनाकर 5वां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय की छात्रा सृष्टि सिंह, शशांक सेन व शुभांगी गुप्ता के बनाये हुए मॉडलों को अगले चरण की मंडल स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किया गया है।

# अमेठी में यातायात पखवाड़े की शुरूआत

- प्रभारी मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, 15 दिनों तक चलेगा अभियान

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, प्रदेश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए शासन के निर्देश पर अमेठी में यातायात पखवाड़े की शुरूआत की गई। जिले के परिवहन विभाग द्वारा निकाले जा रहे यातायात जागरूकता रैली को अमेठी के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डीएम, सीडीओ और एआरटीओ समेत बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे। दरअसल आज से पूरे प्रदेश में यातायात पखवाड़े की शुरूआत हो गई। अमेठी में प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने यातायात जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डीएम राकेश मिश्रा, सीडीओ सान्या छाबड़ा, एआरटीओ सर्वेश सिंह,





पीटीओ मनोज कुमार शुक्ल, एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद त्रिवेदी मौजूद रहे। परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से लोगों को जागरूक किया जाएगा। 15 दिनों तक चलने वाले इस विशेष अभियान में सड़कों पर परिवहन विभाग के अधिकारी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ-साथ वाहनों की चेकिंग करते हुए वाहनों की जरूरी कागजात और वाहनों की चेकिंग की जाएगी।

इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाने के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को सड़क सुरक्षा के नियम समझाए जाएंगे। वहीं सड़क सुरक्षा के इस अभियान को लेकर संभागीय प्रवर्तन अधिकारी अरविंद त्रिवेदी ने कहा कि हम इस विशेष अभियान में सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। इस अभियान में वाहनों पर रिफ्लेक्टर, स्टीकर लगाए जाएंगे। जिससे कि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। साथ ही जो वाहन चालक हैं उनका हेल्थ चेकअप और आई टेस्ट किया

# संक्षेप

## जमीनी विवाद मे दो पक्षों ने की जमकर मारपीट



अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर-अमेठी। कोतवाली अंतर्गत जमीनी मामले को लेकर दो पक्षों में कहासुनी से शुरू हुआ मामला मार पीट तक पहुंच गया दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए मारपीट इस कदर हुई की कई लोग घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही में जुटी । थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पूरबगांव में शारदा प्रसाद मौर्य व केशवराम के बीच जमीनी मामले को लेकर हो रही कहासुनी के दौरान बात इतनी बढ गई कि मारपीट की नौबत आ गई जहां दूसरे पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे तो वहां मार पीट होने लगी जहां प्रथम पक्ष ने अपने बीच बचाव में हल्ला गुहार लगाया तो आसपास के लोग मदद के लिए दौडे लेकिन जब तक लोग वहां पहुंचते तब तक हमलावर मारपीट कर मौके से फरार हो गए इस दौरान कई लोग घायल हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया ।इस सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि मामला जानकारी में है अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर आई मुस्कान

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। नगर पंचायत गोला स्थित बथवाल संस्कृत महाविद्यालय के 14 छात्र छात्राओं में शासन के निदेर्शानुसार स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। जिसे पाकर छात्रों के चेहरे पर मुस्कान छा गई। स्मार्ट फोन वितरण करते हुए प्राचार्य परमानंद दूबे ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में इंटरनेट के माध्यम से कम समय में अधिक जानकारी प्राप्त की जा रही है। योजना द्वारा मिले मुफ्त मोबाइल का सदुपयोग कर छात्र अपने शैक्षिक गुणवत्ता को और बढ़ा सकते हैं। छात्रों को मिलने वाला मोबाइल उनके कौशल विकास में काफी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष दिवाकर दूबे ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के फलस्वरुप छात्र-छात्राओं को सहजता से विविध जानकारियां प्राप्त हो सकेंगे। इस अवसर पर दिवाकर प्रसाद दुबे लिपिक, रविनाथ शुक्ल, जूही मिश्रा , श्रीप्रकाश राम त्रिपाठी, अखिलेश गौतम, राजन शुक्ल, अभिषेक गुप्ता, सत्यम दुबे, रतन शुक्ला, हृदय नारायण मिश्र, संदीप पांडेय सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# बीए बीएड अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं में मोबाइल हुआ वितरण




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। वर्तमान युग के अति तकनीकी समय में मोबाइल जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गयी है। विद्यार्थियों के लिए तो यह शिक्षार्जन के एक सशक्त माध्यम के रूप स्थापित हो चुका है ।विश्व के किसी भी कोने में स्थित राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालयों से जुड़ कर वह सभी विषयों का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं ।उक्त विचार स्वामी विवेकानंद स्मारक महाविद्यालय चांड़ी केशवपार गोरखपुर के उप-प्रबंधक दयाशंकर सिंह ने व्यक्त किया। वह महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाविद्यालय के बीएड अंतिम वर्ष एवं बीए अतिम वर्ष के छात्रों को मोबाइल का वितरण कर रहे थे ।कार्यक्रम का संचालन संजीव सिंह एवं आभार ज्ञापन हरिशंकर सिंह ने किया ।इस समारोह में उक्त योजनान्तर्गत मोबाइल वितरण के नोडल अधिकारी डॉ रवि सेन सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा गैर शिक्षक संवर्ग के कर्मचारी एवं मीडियाकर्मी भी उपस्थित थे।

# मोदी की गारंटी योजना विकसित भारत के पंख हैं-विधायक



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के घघसरा नगर पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है ।प्रधानमंत्री की गारंटी योजना ही एक विकसित भारत निर्माण के पंख हैं ।जो सभी के संकल्प से पूरे हो सकते हैं। उक्त बातें सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल ने कही। वह रविवार को नगर पंचायत घघसरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन के बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि- उदज्जवला योजना, किसान सम्मानित निधि, आयुष्मान योजना, बंदे भारत, डिजिटल लेन-देन, गरीबों में मुफ्त राशन प्रणाली प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प हैं। ऐसी गारंटी योजना है। सभा को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने कहा कि- किसी मिशन की सफलता सबके सहयोग और संकल्प से होती है। मोदी और योगी की विकसित भारत निर्माण यात्रा में हमें कदम से कदम मिलाकर चलना होगा तभी हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों-स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, कृषि विभाग, खाद्य एवं रसद समेत कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे। संबोधित विभागों की समस्याओं के निदान हेतु व्यवस्था की गई थी। उक्त अवसर पर विधायक प्रदीप शुक्ल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे, रम्मू दुबे, ईओ-आशुतोष सिंह, प्रधान लिपिक अखिलेश गुप्ता, बिनोद कुमार पांडेय, अष्टभुजा त्रिपाठी, रामचंदर पाण्डेय, सत्यप्रकाश पाण्डेय, दयाशंकर सिंह, परमात्मा मिश्र, रमेश प्रधान, राजमन मौर्य, हरिकेश मौर्य, सुरेन्द्र वर्मा, रामचल चौरसिया, छब्बी लाल चौरसिया, सत्यदेव चौधरी समेत कई लोग मौजूद थे।

# छात्र छात्राओं में वितरित किया गया निःशुल्क मोबाइल



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। श्री वैदिक धर्म संजीवन संस्कृत महाविद्यालय सहजनवां में रविवार को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्र छात्राओं को निःशुल्क मोबाइल वितरित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबन्धक पुरुषोत्तम दास अग्रवाल रहे ।उन्होंने उत्तम मिश्र, अमित, अयूब, वरुण, अनुराधा, रमा, उर्मिला, कुसुम, सुधा, मंजू, सुनील, प्रदीप सहित 28 छात्र छात्राओं को मोबाइल वितरित किया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्मार्ट एजुकेशन के लिए मोबाइल की आवश्यकता बढ़ी है ।इससे विद्यार्थी पाठ्यक्रम तथा शिक्षण विधि के बारे में अपडेट रहेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार पाण्डेय ने सभी लोगो का आभार व्यक्त किया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के छूटे लाभार्थियों को पहुंचाए लाभ - एसडीएम

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां नगर पंचायत द्वारा आयोजन किया जा रहा है सरकार द्वारा पात्र लाभार्थियों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया जा रहा। जिसका लाभ भी लोगो को मिल रहा है। छूटे लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिससे उनका पंजीकरण कर लाभ पहुंचाया जा सके। उक्त बातें उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह नवीन मंडी समिति सहजनवा नगर पंचायत द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कैंप का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अथिति के रूप में कही। कैम्प की अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष संजू सिंह ने कहा की नगर के सभी वार्डो में पात्र लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के लाभ पहुंचाने की जिम्मेदारी मेरी है। नगर का कोई भी पात्र लाभार्थियों सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं होने पाएगा। कार्यक्रम का संचालन चेयरमैन प्रतिनिधि कौशल सिंह ने किया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य, पशुधन, आधार कार्ड, कृषि विभाग द्वारा कैम्प लगाया गया था। इस दौरान अधिशासी अभियंता सूर्यकांत, सीबीओ राजेश कुमार त्रिपाठी, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, अधीक्षक व्यास कुशवाहा जेई भगवंत सिंह, सभासद मनोज कुमार जायसवाल, लक्ष्मण प्रसाद, रविंद्र कैप्टन ओपी मिश्र कानूनगो रवि प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार, संजय कुमार दिलीप कुमार राजनाथ, अखिलेंद्र, लक्ष्मण सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# श्री राम कथा का गाजेबाज के साथ निकली कलश यात्रा



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा नगर पंचायत के स्थित सेरेमनी हाल में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का रविवार को गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नवीन मंडी समिति से होते हुए काली मंदिर पहुंचा। जहां जलाभिषेक कर मुख्य बाजार, थाना चौराहा, तहसील रोड होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा के साथ बाजेबाजे के साथ हाथी, घोड़े, ऊंट शामिल थे। महिलाए और कन्याए सिर पर कलश ले कर चल रही थी। गाजेबाजे पर महिलाए और पुरुष नृत्य करते हुए तथा जय श्रीराम के घोष के साथ आगे बढ़ रहे थे। कलश यात्रा के समापन के बाद पूज्य श्री राधव ऋषि जी द्वारा भक्तो को कथा का रसपान कराया गया। इस दौरान मुख्य यजमान अशोक अग्रहरी , हनुमान अग्रहरी, अरविंद शुक्ल, अमर यादव, अरविंद तिवारी, सुधाकर पांडेय, ज्ञान अग्रहरी पुरुषोत्तमदास अग्रवाल, गोपाल गुप्ता, नागेंद्र सिंह, प्रमोद मद्धेशिया मनोज भारतीया मौजूद थे।

# मेरी मां कर्मा के राष्ट्रीय युवा स्टार प्रचारक बनाई गई कंचन गुप्ता




अमन लेखनी समाचार

अमेठी। रामनगर की गरीब परिवार से जन्मी कंचन गुप्ता ने क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली गरीबों की मदद करने वाली कंचन गुप्ता को अच्छे काम को देखते हुये आदरणीय डी. एन.साहू /यू. के.साहू जी प्रोड्यूसर मेरी मां कर्मा हिंदी धार्मिक फिल्म, एवं प्रदेश प्रभारी आदरणीय लल्लन प्रसाद साहू के द्वारा कंचन गुप्ता को मेरी मां कर्मा देवी हिंदी धार्मिक फिल्म राष्ट्रीय युवा स्टार प्रचारक के पद पर नियुक्त किया गया है कंचन गुप्ता को प्रदेश का युवा स्टार प्रचारक बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी लोगों ने फोन और उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी इस मौके पर क्षेत्र के महिला और पुरुष आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोषागार परिसर गौरीगंज में पेंशनर्स दिवस का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार




अमेठी। जिलाधिकारी के निर्देश पर पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आज कोषागार परिसर गौरीगंज में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों से कहा कि जो भी पेंशन के प्रकरण लंबित हैं उन पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समय से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के 6 माह पूर्व से ही पेंशन के पूरे प्रपत्र पूर्ण कराते हुए संपूर्ण कार्यवाही कर ली जाए ताकि संबंधित कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के दिनांक को देयकों का भुगतान कर दिया जाए ताकि कर्मचारी को पेंशन के लिए विभागों का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि पेंशनरों का वास्तविक सम्मान तभी होगा जब सभी देयकों का भुगतान समय सीमा के अंदर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी का पेंशनर का प्रपत्र प्राप्त होने के बाद लंबित न रहे तत्काल कार्यवाही की जाए ताकि कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति से पूर्व छोटी-छोटी बातों पर समस्या न हो और कार्य शीघ्र ही निस्तारित हो जाए और संबंधित कर्मचारी परेशान भी न हो इसका आप लोग विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर कोषागार के कर्मचारी सहित पेंशनर्स मौजूद रहे।

# स्मैक के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

कमरौली, अमेठी। अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उ0नि0 कर्मवीर सिंह थाना कमरौली मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नन्द कुमार पुत्र स्व0 राम खेलावन निवासी ग्राम कमरौली थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष को सिन्दुरवा रोड शराब की दुकान के पास से समय करीब 07:15 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# पूर्व विधायक मटियारी ने की जनसुनवाई में 35 में 30 मामलों का कराया निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी केंद्रीय मंत्री व सांसद अमेठी माननीय दीदी स्मृति ईरानी जी की प्रेरणा से मटियारी जी के द्वारा चल रहा जीवन जनहित में समर्पित कार्यक्रम दिनांक 17 दिसंबर को सदस्य प्रदेश परिषद पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने मुसाफिरखाना में स्थित( वन विभाग डाक बंगला ) पर समस्याओं को सुना जनसुनवाई में कुल 35मामले आए जिसमें 30 मामलों को सुनकर उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निस्तारण किया गया। शेष मामलों को जल्द निस्तारण के लिए कहा गया के पिछली बार आए मामलों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया। गौरीगंज की जनता जनार्दन मेरे लिए देवतुल्य है जिसका शोषण एवं प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।गौरीगंज की जनता जनार्दन के लिए सदैव समर्पित रहूंगा।

# खानपुर में अनिश्चित हड़ताल पर बैठे ग्रामीण डाक सेवक

- छह सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर उतरे कर्मचारी, शिकयत के बाद भी नहीं हुई है कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



खुर्जा, खुर्जा के खानपुर कस्बे के ग्रामीण इलाके में सेवा करने वाले डाक सेवक अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। मांग पूरी नहीं होने तक सभी डाक कर्मियों ने हड़ताल की चेतावनी दी है। इससे पूर्व भी में भी काफी बार शिकायत अफसरों से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले कस्बा खानपुर डाकघर के ग्रामीण डाक सेवकों ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कस्बा खानपुर डाकघर के सब पोस्ट मास्टर संजय गिरी ने बताया कि डाक सेवकों की ओर से आठ घंटे काम, पेंशन लाभ, नियमित कर्मचारियों के समान टीआरसी, समूह बीमा कवरेज को 5 लाख करने जैसी छह सूत्रीय मांग रखी गई है। डाक कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से डाक सेवा पूरी तरह प्रभावित है। जिससे काफी लोगो को खासी मशक्कत हो रही है। ग्रामीण डाक सेवकों ने कहा है कि जब तक सरकार उनकी मांगों का निराकरण नहीं करती है तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी

# नॉर्थ जोन चैम्पियनशिप से लौटे खिलाड़ियों का स्वागत

### यथार्थ ने 20 मीटर में स्वर्ण, अंडर- 19 में देव कुमार ने तीन स्वर्ण व तन्वी ने कांस्य जीता

अमन लेखनी समाचार



सरधना, रोहटा के रसूलपुर मढी में नॉर्थ जोन चैम्पियनशिप में खेलकर पदक लेकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत किया गया ।खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का स्थानीय लोग और बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। प्रधान दीपक चौधरी ने बताया कि सोनभद्र में 67वी राज्य प्रतियोगिता चल रही थी। जिसमें हमारे गांव के यथार्थ ने 20 मीटर में स्वर्ण पदक जीता। श्रेया ने रजत पदक हासिल किया है। अंडर-19 में देव कुमार ने तीन स्वर्ण पदक व तन्वी ने तीन कास्य पदक जीते हैं। कुणाल ने स्वर्ण पदक तथा दीपांशु ने कांस्य पदक। जिनका गांव लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व जिला सहकारी चेयरमैन मनिंदर पाल सिंह , जिला पंचायत सदस्य अतुल पूनिया , मंडल अध्यक्ष बॉबी शर्मा , कार्यक्रम एंकर विजय शर्मा, मंडल के पदाधिकारी गण एवं ग्राम प्रधान दीपक कुलदीप प्रधान रसूलपुर एवं अन्य विभागीय सक्षम अधिकारी , नोडल अधिकारी शैलेश राय अन्य उपस्थित रहे।

# शेखन गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



तिलोई, अमेठी। रविवार को सिंहपुर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरी अहमदाबाद व शेखन गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेता अमरीश जायसवाल ने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी । ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि किसान खेतों में नैनो यूरिया का छिड़काव करें और कम पैसों से अच्छी बचत प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान निधि आदि की जानकारी दी गयी ।वहीं ग्राम सभा मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत सहायक पूजा यादव व रोजगार सेवक कन्हैयालाल को प्रमाण पत्र वितरित किया गया ।मुख्य अतिथियो का प्रधान प्रतिनिधि सिराज अहमद ने माला पहनाकर स्वागत किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवती महिलाओं को हरी सब्जियों एवं पोषण युक्त भोजन करने की सलाह दी ।इस मौके पर मोजीम खान, मनीष पासी, शिव प्रसाद यादव, जुनेद, राहुल पाठक, संजय मिश्र , कृषि वैज्ञानिक डा पवन कुमार वर्मा, नीरेश कुमार, आनंद कुमार, अनुज कुमार, कमलेश सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर चोरों ने लगाई लाखों की चपत

**सूनी रात अलमारी का ताला तोड़ 1000 रुपए नगद समेत सोने चांदी के जेवरात किए पार**

अमन लेखनी समाचार /समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर, जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरहन बुजुर्ग गांव में किसान मजदूर चंद्रपाल पाल पुत्र स्वर्गीय नोखेलाल के घर में सूनी रात अज्ञात चोरों ने घुसकर ताला तोड़ते हुए लाखों के जेवरात साफ कर दिए पीड़ित ने नजदीकी थाना चांदपुर रिपोर्टिंग चौकी अमौली में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि किसान देर शाम भोजन के पश्चात अपने दूसरे घर में सोने के लिए चला गया वहीं घर में मौजूद पीड़ित की पत्नी धर्मिणा देवी मुलायम तथा पुत्रवधू संध्या भी भोजन करने के पश्चात सो गए देर रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे की कुंडी काटकर अंदर घुसते हुए अलमारी का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात जैसे सोने की छह अंगूठी दो चैन तीन जोड़ी झुमकी एक जोड़ी सुई धागा तथा चांदी के एक जोड़ी पायल एक कमर हाफ पेटी साथ जोड़ी बिछिया समेत 10 के नोट की गड्डी 1000 रुपये पार कर दिए सुबह नींद खुलने पर पीड़ित की पत्नी धर्मिणा ने घर के दरवाजे खुले पाए उसने बगल के कमरे में सो रहे बेटे तथा बहू को जगाया सभी लोगों ने अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली मिली तथा पूरी जेवर गायब मिली आनन फानन पुलिस सहायता 112 नंबर डायल कर सूचना दी गई जहां सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन समेत स्थानीय पुलिस बल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया पीड़ित की तहरीर के आधार पर प्रशासन ने खोजबीन प्रारंभ की वहीं चौकी प्रभारी संदीप कुमार तिवारी ने बताया कि घटना संदिग्ध रूप में है जिसकी जांच करते हुए अपराधी की खोजबीन की जा रही है

# उच्च गुणवत्ता समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य पूरा करना सहकारी निर्माण संस्था का उद्देश्य : डॉ प्रवीण जादौन

**निदेशक बनने के बाद पहली बार आए अलीगढ़, हुआ स्वागत**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड (यूपीआरएनएसएस) में निदेशक बनने के बाद सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन पहली बार अलीगढ़ आए। सर्किट हाउस पर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक मनीष चौहान, सहकार भारती के विभाग संयोजक अंशुल राठौर, जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पाल सिंह, महानगरा अध्यक्ष अभिजीत सिंह, सह संगठन प्रमुख जनमेश सिंह, जिला महिला प्रमुख माहेश्वरी मिश्रा, सुनील कुमार चौहान, यशवीर सिंह ने स्वागत किया। निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने उत्तर प्रदेश के श्रम एवं कर्मकार सन्निर्माण समिति के अध्यक्ष ठा. रघुराज सिंह से भी मुलाकात की। उन्होंने स्टेडियम में खेल विभाग द्वारा अलीगढ़ में हो रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया। वह अचल ताल स्थित गिलहराज जी हनुमान मंदिर में श्री सीताराम विवाह महोत्सव में राम जी की बारात में भी गए।

निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, लखनऊ एक ऋण मुक्त सहकारी संस्था है। संस्था को शासन द्वारा राजकीय निर्माण एजेन्सी के रूप में अधिकृत है। प्रदेश में 35 निर्माण प्रखण्डों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य सम्पादित किए जा रहे है। अलीगढ़ में खेल विभाग द्वारा 60 बेड का छात्रावास का तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय का गठन कर लघु एवम्-सीमांत किसानों को कई प्रकार के व्यवसायों से जोड़ा है। पीएम मोदी ने पैक्स को बहुउद्देशीय बनाकर सहकारिता के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है। यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ व सहकारिता मंत्री जे पी सिंह राठौर के नेतृत्व में सहकारिता के क्षेत्र में विगत दिनों सदस्यता अभियान द्वारा नए लोगों को जोड़ा गया।

डा प्रवीण सिंह जादौन ने बताया कि इस साल के बजट में अगले पांच वर्षों में 2 लाख प्राथमिक कृषि ऋण सोसायटी यानी पैक्स बनाने और हर पंचायत में एक बहुउद्देशीय पैक्स बनाने का प्रावधान किया गया है। पिछले महीने सहकारिता मंत्रालय ने पैक्स को सामान्य सेवा केंद्र के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्रालय, नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता हुआ है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

# एमएलसी विशाल सिंह चंचल के प्रयास से जिले के 25 जरूरतमंदों को मिली 40लाख की मदद

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के एमएलसी विशाल सिंह चंचल के प्रयास से जिले के 25 जरूरतमंदों को मिली 40लाख की मदद एमएलसी विशाल सिंह चंचल के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने गाजीपुर के 25 पीड़ित परिवारों को लगभग 40 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किये हैं। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने सभी के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में अवगत कराया था , क्योंकि इनके इलाज के लिए पैसे की तुरंत ही जरूरत थी। एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने इन सभी के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना की है। गाजीपुर की सातों विधानसभाओं से आये इन सभी पीड़ित परिवारो ने मुख्यमंत्री और एमएलसी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसमें शिवांशी और आर्यन जैसे बहुत सारे छोटे छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इसमें ताजपुर की महीमा देवी, भैरवपुर की चिंता देवी,मैनपुर के ओमप्रकाश सिंह, पारा की सरिता देवी,कुकुढ़ा की तारादेवी,चुरामनपुर की कुसुम देवी, कुसी के शहाबुद्दीन खान,शेरपुर की दुजखाती देवी,गोराबाजार की सपना कुमारी, गोपालपुर जल्दी के कार्तिक मिश्रा, बरहपुर के मिथिलेश कुमार, जमानिया के आर्यन,गौरानामजद लालपुर की शिवांशी ,रसूलपुर के रामअधार सिंह यादव,उपधि के धीरेंद्र प्रताप सिंह, चौथिबाँध के अशोक सिंह ,चौराबोझ के सूर्यांश ,सरायमुहम्मद के प्रदुम्न यादव, यूसुफपुर की ईशा,उसिया के लालबहादुर को,मुहम्मदपुर कुसुम के दुष्यंत चौहान को,चकअब्दुल बहाव के विनय कुमार चंदन को,भीतरी की सुमन महेंद्र मौर्या को,देवरिया के मनीष कुमार राय को,चकिया की पूनम देवी को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की गई है ।

# रालोद बूथ स्तर तक संगठन मजबूत कर उतरेगा लोकसभा चुनाव में - अनिल दुबे

अमन लेखनी समाचार



आगरा। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है कि 2024 लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय लोकदल अपने संगठन को मजबूत कर रहा है अभी उत्तर प्रदेश कमेटी का गठन कर जिला अध्यक्ष फ्रंटल संगठनों आदि की नियुक्तियां कर दी गई हैं जिला अध्यक्षों, फ्रंटल संगठन को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने को कहा गया है।

श्री दुबे होटल कनक पैलेस में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री दुबे ने आगे कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समरसता अभियान के तहत गांव गांव जा रहे हैं और 1600 गांवों तक उनका पहुंचने का लक्ष्य है। राष्ट्रीय लोकदल प्रवक्ता ने कहा है कि इस समय किसानों की स्थिति बेहद खराब है गन्ने का समर्थन मूल्य पिछले कई सालों से नहीं बढ़ाया गया है जबकि जबकि सरकारी आकलन के अनुसार ही गन्ने पर लागत 311 रुपए प्रति कुंतल आ रही है और समर्थन मूल्य ?450 से अधिक होना चाहिए जो कि पिछले 6 वर्ष से ना के बराबर बढ़ाया गया है श्री दुबे ने कहा है कि यदि 23 दिसंबर किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती तक अगर उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ने का समर्थन मूल्य लागत का डेढ़ गुना, किसानों के बिजली बिल की माफी नहीं की तो राष्ट्रीय लोकदल 26 दिसंबर को लखनऊ में बडा धरना प्रदर्शन करेगा। श्री दुबे ने आगे कहा कि भाजपा नेता और भाजपा की सरकार सिर्फ बातें करती हैं झूठ बोलकर जनता को गुमराह करती हैं काम की कोई भी बात वह नहीं करते हैं और न हीं अपनी उपलब्धि बता पाते हैं ,उपलब्धि सिर्फ नफरत की बताते हैं यह सरकार , किसानों- नौजवानों , गरीब और मध्यम वर्ग के साथ धोखा कर रही है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना ,मिजोरम आदि राज्यों में हुए चुनाव परिणाम ने परिवर्तन का पूर्ण संकेत दे दिया है और देश की जनता केन्द्र में भी परिवर्तन चाहती है। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता कप्तान सिंह चाहर ने कहा कि आलू किसान 3 साल से घाटा उठा रहा है सरसों का एमएसपी काफी कम है सरकार इंडोनेशिया से अडानी के माध्यम से पाल्म ऑयल खरीद कर देश की जनता के स्वास्थ्य खिलवाड़ कर रही है जबकि अपने किस को फसल का उचित मूल्य भी नहीं दिया जा रहा है। जिला अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि भाजपा सरकार महिला और गरीब विरोधी है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने पार्टी जनों से संगठन को मजबूत करने पर मंत्रणा की और पार्टी जनों से मुलाकात की इस अवसर पर रालोद पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने श्री दुबे का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया पगड़ी बांधी व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया । प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र बघेल, पूर्व महानगर अध्यक्ष दुर्गेश शुक्ला, वरिष्ठ नेता रविंद्र मिश्र, किसान प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महामंत्री डॉ रुपेश चौधरी ,युवा रालोद के जिला अध्यक्ष मयंक खरवार, गंगाराम पैहलवार , रणधीर सिंह काका , केपी चाहर, अन्नू पहलवान आदि उपस्थित थे।

# मनमाने ढंग से हो रहे अवैध खनन का जिम्मेदार कौन

सोनभद्र - बिल्ली मारकुंडी स्थित ओबरा थाना अंतर्गत मानक के विपरीत मनमानी रवईवे से हो रहे अवैध खनन में प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। वही बात अवैध खनन कर्ताओ की करें तो सभी खनन कर्ता हमाम साबुन से स्नान कर स्वक्ष बने हुए है। ओबरा स्थित खननं क्षेत्र में देखा जाय तो इन दिनों जहां सरकार पारदर्शिता की बात कर रही है वही अवैध खनन का कार्य जोरो पर चल रहा है। खननं में मशीनों का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। वही खनन सर्वेयर स्वीकार कर रहे है। जब भी बात अवैध खनन करने व नियमावली की बात पूछी जाती है तो बताया जाता है कि जानकारी में नही है। देख कर बताता हूं। खनन नियमावली के अनुसार खननं क्षेत्रो में अंधेरा होने के बाद किसी भी मजदूर या मशीनों का प्रयोग बंचित है। वही धड़ल्ले से कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इन दिनों मेसर्स श्री बालाजी एसोसिएट्स वी राधे राधे महादेवा में खनन कार्य मनमाने ढंग से किया जा रहा है।

# अवैध निर्माण पर जल्द ही गरज सकता है बुलडोजर, मुकदमा दर्ज

**राजस्व टीम मौजूदगी में हुई नाप लेखपाल ने चांदपुर थाने में की कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत फतेहपुर को जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे बेस कीमती जमीन पर कब्जा करने वाले को राजस्व विभाग ने कार्यवाही करते हुए करारा जवाब दिया कस्बे की गाटा संख्या 1067 का मामला कई वर्षों से चर्चा का विषय बना हुआ था जिसके जुज भाग में पूर्व काल में राजस्व टीम ने नाप कराते हुए बुलडोजर चलाकर जमीन को स्वतंत्र कराया था परंतु कुछ जमीन पर कब्जा करते हुए संतोष सचान पुत्र कुडहादीन निवासी सरहन खुर्द हाल मुकाम अमौली ने अवैध निर्माण करा डाला बेसकीमती जमीन पर अवैध निर्माण को देख कस्बे के अनेक समाजसेवियों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की जहां संज्ञान में लेते हुए राजस्व टीम कानूनगो वीरेंद्र तिवारी लेखपाल रजत कुमार ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर समेत गांव के वरिष्ठ नागरिक मौके पर पहुंचे टीम द्वारा पुख्ता माप जोख की गई जहां ग्राम समाज के रास्ते पर पक्का मकान अवैध रूप से बना हुआ मिला तत्काल राजस्व लेखपाल ने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की विभाग द्वारा मिली लिखित सूचना के आधार पर चांदपुर थाना प्रभारी बच्चेलाल प्रसाद ने अवैध निर्माण करने वाले भूमाफिया संतोष सचान पुत्र कुडहादीन निवासी सरहन खुर्द हाल मुकाम अमौली के खिलाफ लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 3/4 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया वहीं थाना प्रभारी ने बताया के मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जिसकी जांच चौकी प्रभारी अमौली उप निरीक्षक संदीप कुमार तिवारी को दी गई है जांच के उपरांत दोषी पाए जाने पर अवैध निर्माण करने वाले व्यक्ति संतोष सचान पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

# संत गंगा दास बालिका विद्यालय वयेपुर देवकली से मिनी मैराथन दौड़ का शुभारम्भ

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले में मिनी मैराथन में कई प्रदेशों के प्रतिभागियों ने लगाई दौड़ गाजीपुर में मिनी मैराथन 5 किमी की दौड़ आज आयोजित हुई। मैराथन दौड़ के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा और सराहनीय प्रयास है। गाजीपुर सदैव से खेल और राष्ट्र सेवा मे वीरता के साथ अग्रणी रहा है। मैराथन दौड़ सबसे लम्बी दूरी की दौड़ है जिसमें ज्यादा उर्जा की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के प्रतिभा को उभारने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रयास कर रहे हैं। दयाशंकर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार युवाओं के सुन्दर और अच्छे भविष्य के लिए लगातार काम कर रही है। वहीं उन्होंने तीन राज्यों में भाजपा सरकार बनने पर कहा कि जनता ने मोदी की गारंटी को स्वीकार किया है और आगामी लोकसभा चुनाव में सुनामी बहेगी और मोदी जी के नेतृत्व में फिर भाजपा की ही सरकार बनेगी। वहीं राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में विपक्ष के नेताओं के जाने के प्रश्न पर उन्होंने हंसकर कहा कि राम सबके हैं सबका स्वागत है, कल जो राम मंदिर का विरोध करते थे अगर वो आएंगे तो उनका स्वागत है, राम मंदिर पांच सौ वर्षों के संघर्ष की जीत है। संत गंगा दास बालिका इंटर कालेज बयेपुर देवकली से शुरू इस मैराथन दौड़ का शुभारंभ अभिनव सिन्हा ने हरी झंडी दिखा कर किया। जिसमे हजारों की संख्या में महिला पुरूष बालक बालिकाओं में उत्तर प्रदेश के प्रतिभागियो के आलावा बिहार राजस्थान व मध्यप्रदेश के भी धावको ने भी हिस्सा लिया। प्रथम विजेता चंदन राजभर, वाराणसी, द्वितीय विजेता कुलदीप कुमार दिल्ली, तृतीय स्थान बाबूलाल राजभर चंदौली रहे। इस मिनी मैराथन दौड़ मुख्य अतिथि द्वारा ईनाम विजेता को उनके हाथों से पुरस्कार वितरण कराया। आयोजन शुभम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनीष सिंह, विवेक, सुमित, प्रताप शिवाजी आदि लोग मौजूद थे

# बुंदेलखंड विकास सेना ने छात्र विकास सेना का किया विस्तार

**पृथक प्रांत निर्माण संघर्ष को साथ ही हमारा संगठन छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार के लिए सतत संघर्ष करेगा हरीश कपूर टीटू**

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर /बुंदेलखंड प्रांत निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र के छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए उच्च शिक्षा बेहतर चिकित्सा सेवाये एवं पढ़े लिखे युवाओं बेरोजगारों को अच्छा रोजगार आदि के लिए बुंदेलखंड विकास सेना की युवा छात्र शक्ति संघर्ष व आंदोलन को धार देने के लिए बुंदेलखंड छात्र विकास सेना ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। छात्र सेना के जिला अध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा की प्रबल संस्तुति पर सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के अध्यक्षता में बुंदेलखंड छात्र विकास सेना में एड दीपक सेन को जिला महासचिव, एड अमन सोनी को जिला उपाध्यक्ष, यशपाल यादव को जिला सचिव, गौतम रजक को जिला सचिव,मोनिश खान को जिला कार्यकारणी सदस्य मनोनीत कियासाथ ही बुंदेलखंड विकास सेना सेना में अनिल अहिरवार, अमन सेन प्रिंस रजक राजा, अजय लोधी, राजा, नीरज सेन, रवि खटीक, विशाल राठौर, अभिषेक प्रजापति मोहित विश्वकर्मा, आदि सैकड़ों की संख्या में लोगो को सदस्यता कराई और नई कार्यकारणी का गठित कर समस्याओं की समाधान के लिए सभी को संगठित करके छात्र आंदोलन को प्रणा लेने की शपथ दिलाई गई।

# पेंशनरों के समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी -प्रियंका निरंजन

**जनपद जनपद स्तरीय पेंशनर दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याए, निस्तारण के दिये निर्देश**

**वयोवृद्ध पेंशनरो को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर किया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर - स्थानीय सिटी क्लब में पेंशनर दिवस के अवसर पर कोषागार मीरजापुर से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनरो का स्वागत एव अभिनन्दन कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध पेंशनरो का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम प्रदान कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। पेंशनरो की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि पेंशनरो की समस्याओं का प्राथमिकता पर निराकरण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एक-एक पेंशनरो की समस्याओं को भी सुना तथा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को उसे त्वरित निस्तारण करने का निर्देश भी दिया। काय्रक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि ये सेवानिृत्त अधिकारी/कर्मचारी अपना 30 से 35 वर्ष प्रशासनिक कार्यो में सहयोग प्रदान किया हैं, हम सभी का दायित्व है कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करे। इस अवसर पर पेंशनर राजेन्द्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी ने बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिचाई विभाग, राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस किसी को भी किसी भी समस्या से अवगत कराना है तो वे किसी भी दिन कलेक्ट्रेट में 10 से 12 बजे पहुंचकर या किसी के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र को भेजवा दे उनका समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा अशोक कुमार सेठ, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा सहित लगभग 250 पेंशनर उपस्थित रहें। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर से पेंशनरो की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करायें।

# हाटपैड सब्जी मंडी बना निष्क्रिय

अमन लेखनी समाचार



राजगढ़/मीरजापुर। विकासखंड राजगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र ने किसानों के लिए 20 सालों से अर्ध निर्माण के कारण नहीं पूरा हो सका सब्जी मंडी। राजगढ़ क्षेत्र के बिशनपुरा गांव में किसानों के हित के लिए सरकार ने गांव में ही सब्जी बेचने के लिए हॉटपैड बनवाया लेकिन कागजों पर सब्जी मंडी बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया है और लाखों रुपए की लागत से पानी की तरह पैसा बहाया गया ठेकेदार और ब्लॉक कर्मचारियों की मिलीभगत से निष्क्रिय साबित हो रहा है इसी के पीछे सामुदायिक भवन का निर्माण भी कराया गया है। जो किसी काम का नहीं रहा गया है। सरकार के पैसों का कर्मचारी और ग्राम प्रधान के मिलीभगत से निष्क्रिय बनकर रह गया है। गांव के ही ग्रामीणों ने कहा कि सरकार हर साल लाखों रुपए खर्च करने के लिए गांव का विकास के लिए पैसे को पानी की तरह बहा रही है। लेकिन ग्राम प्रधान और कर्मचारियों की मिलीभगत से इन 25 वर्षों में भी कोई काम पूरा नहीं हो पा रहा है। और उसके पैसे की भुगतान करा दी जाती है। जिले के आला अधिकारी भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे ग्राम प्रधान और ब्लाक कर्मचारियों पर कार्यवाही ना होने से इनका मनोबल बढ़ता ही जा रहा है। सरकारी सब्जी मंडी कि केवल बिल्डिंग और छत बन चुकी है। बाकी कमरे एक भी नहीं बने हुए हैं। अब वहां पर केवल पशु बांधे जा रहे हैं और सामुदायिक भवन तो पूरी तरह से निष्क्रिय हो गई है। हर साल गांव में लाखों करोड़ों रुपए विकास के नाम पर सरकार दे रही है लेकिन सारा काम कागजों पर सिमट कर रह गया है कार्रवाई के नाम पर केवल कोरम पूरा किया जा रहा है। सरकारी सब्जी मंडी तो नहीं बन सकी। लेकिन राजगढ़ क्षेत्र के धनसीरिया में प्राइवेट मंडी चल रही है। जहां पर किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फिर भी किसान को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हर साल गांव में विकास कार्य के नाम पर छलावा साबित हो रहा है

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक हुए गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झांसी। गरौठा-ककरवई मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक से जा रहे तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार ककरवई थाने में उपनिरीक्षक कक्ष एवं बैरिक का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां काम कर रहे सुरेन्द्र पुत्र रामदयाल व जसवंत पुत्र मोती लाल निवासी विदौरा पारीछा थाना बड़ागांव एवं हरगोविंद पुत्र सुरेश निवासी राजेंद्र नगर उरई बाइक क्रमांक यू पी 93 बी टी 0639 से सुबह लगभग ग्यारह बजे किसी कार्य से गरौठा जा रहे थे। बाइक को उर ?ई निवासी हरगोविंद चला रहा था। जब यह तीनों हीरानगर स्टैंड के आगे पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सहित तीनों युवक सड़क से दूर जाकर गिरे। राहगीरों द्वारा घटना की जानकारी ककरवई थाने में दी गई। सूचना पर उपनिरीक्षक आशीष शर्मा कांस्टेबल गोविंद सिंह, सुधांशु शुक्ला, चालक रामपाल ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसरांय भिजवाया जहां एक युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज झांसी रिफर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों व पुलिस टीम ने बताया कि हरगोविंद की हालत विशेष गंभीर थी।

# प्रत्याशी घर – घर जाकर मांग रहे वोट

**वकील मतदाताओं की हो रही फजीहत**

**18 दिसंबर को होगी टेंडर वोटिंग**

**अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए 21 दिसंबर को होगा मतदान, 22 दिसंबर को होगी मतगणना**

**चुनावी सरगर्मी हुई तेज**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2023प्त24 के लिए हो रहे मतदान के लिए 18 दिसंबर सोमवार को टेंडर वोटिंग कराई जाएगी। हालांकि 21 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा और 22 दिसंबर को मतगणना के बाद विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। उधर प्रत्याशी समर्थकों के साथ घर - घर जाकर वोट मांग रहे हैं ,जिससे वकील मतदाताओं की फजीहत बढ़ गई है। इससे चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार मिश्र ने बताया कि सिर्फ चार पदों पर मतदान होना है,जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक 6 प्रत्याशी विनय कुमार सिंह,धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, पूनम सिंह, ओम प्रकाश राय, रमेश देव पांडेय व अरुण कुमार मिश्रा शामिल हैं। इसी प्रकार से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी शारदा प्रसाद मौर्या एवं लालता प्रसाद पाण्डेय, महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशी अरुण कुमार सिंघल, राजीव कुमार सिंह गौतम व अखिलेश कुमार पांडेय तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों अनिल कुमार पाण्डेय , उमेश कुमार शुक्ल व राजकुमार सिंह शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 18 दिसंबर को टेंडर वोटिंग होगी। इसके लिए जो वकील मतदाता 21 दिसंबर को मतदान के दिन आवश्यक कार्य से बाहर रहेंगे उनसे प्रार्थना पत्र लेकर अनुमति मिलने पर ही टेंडर वोटिंग करने दिया जाएगा। हालांकि 21 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा और 22 दिसंबर को मतगणना के साथ ही विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। उधर प्रत्याशियों द्वारा समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से घर - घर जाकर संपर्क कर वोट मांगने की वजह से वकील मतदाता खासे परेशान हैं । क्योंकि 14 प्रत्याशी बार - बार घर पहुंच रहे हैं। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**


**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

## हीरो के 40 साल पूरे, जैकी ने मनाया जश्न





**मुंबई।** निर्देशक सुभाष घई और अभिनेता जैकी श्रॉफ शनिवार को 'हीरो' के 40 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कुछ सीन्स के साथ एक वीडियो भी शेयर की और कैप्शन में लिखा, "डस्ट से स्टार तक #हीरो #40 साल"।

## 500 करोड़ क्लब के करीब पहुंची एनिमल



**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने अब तक दुनियाभर में जबरदस्त कलेक्शन कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर एनिमल का एकतरफा कब्जा है। इसमें भारत में तीसरे शनिवार यानी 16 दिनों में 486.96 का बिजनेस कर लिया है।

## इंडियन पुलिस फोर्स का शानदार टीजर रिलीज




**मुंबई।** फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी की पहली ओटीटी सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' का टीजर शनिवार को जारी किया गया। यह एक्शन, पावर, शानदार परफॉर्मेंस और पुलिस फोर्स से भरपूर है। एक मिनट से ज्यादा लंबे टीजर में एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा, विवेक ओबेरॉय और शिलपा शेट्टी की झलक मिलती है।



## 'ड्राई डे' का पहला गाना 'हल्ला मचा' आउट...

**मुंबई।** जितेंद्र कुमार और श्रिया पिलगांवकर स्टारर हिंदी ओरिजिनल फिल्म ड्राई डे एक शानदार रिलीज वीक के लिए तैयार है। इस फील-गुड फिल्म का मूड सेट करते हुए फिल्म का पहला गाना 'हल्ला मचा', जो एक जबरदस्त होली गीत भी है, आज रिलीज़ कर दिया गया है। इस गाने को देव नेगी और अकासा सिंह की गतिशील जोड़ी ने अपनी आवाज के जादू से सजाया हैं और संगीत जावेद-मोहसिन द्वारा रचित हैं। 'ड्राई डे' में जितेंद्र कुमार, श्रिया पिलगांवकर और अन्नू कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ये फिल्म विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर 22 दिसंबर को हिंदी में प्रीमियर होगी।

लाइफ Style

## तृप्ति इंस्टा पर बढ़े फॉलोवर्स

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों फिल्म 'एनिमल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म के सुपरहिट होने के बाद तृप्ति इंस्टाग्राम पर दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली अभिनेत्री बन गईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एनिमल' फिल्म में तृप्ति डिमरी एक छोटे से किरदार में नजर आईं, बावजूद इसके फिल्म में उनके किरदार 'जोया' को जिस तरह से दर्शक पसंद कर रहे हैं, उसकी कल्पना भी तृप्ति ने कभी नहीं की थी। फिल्म की सफलता के बाद अभिनेत्री के सोशल मीडिया अकाउंट पर भी फॉलोवर्स की संख्या काफी बढ़ रही है। अब इस पर तृप्ति ने प्रतिक्रिया दी है।

हाल ही में दिए इंटरव्यू में तृप्ति ने कहा, उन्हें बिलकुल भी अंदाजा नहीं था कि एनिमल' फिल्म में उनके किरदार जोया को लोग इतना प्यार देंगे। सोशल मीडिया पर बढ़ रहे फॉलोवर्स की संख्या का हिसाब मैं नहीं रखती हूं। मेरे परिवार के लोग और मेरे दोस्त मुझे स्क्रीनशॉट भेज कर बताते हैं कि तुम्हारे इतने ज्यादा फॉलोवर्स बढ़ गए हैं। मुझे अच्छा जरूर लग रहा है, लेकिन मैं गिनती नहीं करती हूं। अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी के बारे में बात करते हुए तृप्ति ने कहा कि मैं काम और अपनी निजी जिंदगी में बैलेंस बना कर चलती हूं। मैं परिवार के साथ समय बिताती हूं और दोस्तों के लिए भी समय निकालती हूं। मैं नहीं चाहती कि भविष्य में जब पीछे मुड़ कर देखूं तो मुझे पछतावा हो कि मैं जिंदगी जी ही नहीं पाई, बस काम ही करती रह गई।



हॉलीवुड मसाला




## फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस क्लो कार्दशियन काम से ज्यादा अपने लुक्स को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक बार फिर उन्होंने अपनी नई तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में बॉडीकोन ट्रांसपेरेट ड्रेस में बेहद बोल्ड लग रही है। इस ड्रेस में एक्ट्रेस के इनरगार्मेंट भी दिखाई दे रहे हैं।




## चौथी बार मां बनने वाली हैं हिलेरी...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस और सिंगर हिलेरी डफ इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी चौथी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया है। हिलेरी अपने पति मैथ्यू कोमा के तीसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं। मैथ्यू कोमा और हिलेरी डफ ने साल 2018 और 2021 में अपनी बेटियों बैंक्स और मॅई का दुनिया में स्वागत किया। अब यह जोड़ा अपने तीसरे बच्चे के दुनिया में आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। वहीं हिलेरी डफ का अपने पहले पति माइक कॉमरी से 11 साल का बेटा लुका भी है, जिसके साथ वह अक्सर तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हिलेरी डफ ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही है।



## अब करेंगी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी जल्द ही मलयालम ओटीटी में कदम रखने जा रही हैं। वह मलयालम वेब सीरीज पैन इंडियन सुंदरी से अपना डेब्यू कर रही हैं। एचआर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इस सीरीज को रिलीज किया जाएगा। इसे लेकर अभी आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है। यह एक हाई बजट की कॉमेडी एक्शन थ्रिलर सीरीज है। इसमें मालविका श्रीनाथ और अप्पानी सारथ भी अहम भूमिका में हैं। इसके अलावा अन्य कलाकारों और क्रू में मलयालम इंडस्ट्री के कई दिग्गज शामिल हैं। एचआर प्रोडक्शंस के बैनर तले श्रीना प्रतापन द्वारा इसे निर्मित किया गया है। वहीं सतीश कुमार ने वेब सीरीज पैन इंडियन सुंदरी को लिखा और निर्देशित किया है। इसका स्क्रीनप्ले प्रिंस डेनी और लेनिन जॉनी ने किया है।



## 'डंकी' को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान पिछले कई दिनों से अपनी अपकमिंग फिल्म 'डंकी' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। पठान और जवान के बाद अब फैंस को किंग खान की इस मूवी का भी बेसब्री से इंतजार है। इस बीच 'डंकी' से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। एक्टर की ये फिल्म सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) से फिल्म पास हो गई है। ट्रेड एनालिस्ट गिरीश जौहर के मुताबिक, शाहरुख खान की 'डंकी' को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से यू/ए सर्टिफिकेट देकर पास किया गया है। इसके साथ ही फिल्म के रनटाइम का भी खुलासा हो चुका है। 'डंकी' का रनटाइम 2 घंटे 41 मिनट होगा। डंकी 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला

## एजाज ने पवित्रा संग शेयर की तस्वीर...

**मुंबई।** एजाज खान और पवित्रा पुनिया टीवी के पावर कपल्स में से एक हैं। दोनों की मुलाकात रियालिटी शो बिग बॉस 14 के दौरान हुई थीं। शो के बाद से ही दोनों अपनी क्यूट केमिस्ट्री से फैंस को इंप्रेस करते रहते हैं हालांकि बीते दिनों अचानक ही कपल के ब्रेकअप की खबर सामने आई। मीडिया



रिपोर्ट्स में दावा किया कि एजाज खान और पवित्रा पुनिया ने तीन साल एक दूसरे को डेट करने के बाद अपना रिश्ता तोड़ दिया है। अब इन खबरों पर एजाज खान ने अपने ब्रेकअप की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। एजाज ने पवित्रा पुनिया संग ब्रेकअप की अफवाहों को बकवास बताया है। उन्होंने कोई इंटरव्यू नहीं दिया, बल्कि अपनी इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक फोटो शेयर करके इन खबरों को बकवास करार दिया है। एजाज ने अपनी लेडी लव पवित्रा संग एक तस्वीर शेयर की जो एक इवेंट की है। इस तस्वीर में एजाज अपनी लेडी लव के चेहरे की तरफ देख रहे हैं और उनके फेस पर स्माइल है। वही पवित्रा कैमरे की ओर पोज दे रही हैं। इस तस्वीर के साथ एजाज खान ने हैशटैग 'इंस्पिरेशन' लिखा है।

### अभिनेत्रियों ने दुनियाभर में चर्चा बटोरी और खूब नाम कमाया

## इन अभिनेत्रियों के लिए 2023 रहा बेहद खास, दी धमाकेदार हिट

***मुंबई।** बॉलीवुड के लिए साल 2023 अभिनेत्रियों के लिए बेहद स्पेशल रहा। कई अभिनेत्रियों ने इस साल लॉन्ग ब्रेक के बाद कमबैक किया और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस का सूखा खत्म करने में मददगार साबित हुईं। फिल्मों के लिहाज से अभिनेत्रियों ने दुनियाभर में चर्चा बटोरी और खूब नाम कमाया। साल 2023 की मोस्ट सक्सेसफुल एक्ट्रेसेस की लिस्ट।*



**किआरा आडवाणी :** 'फगली' फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखने वाली किआरा आडवाणी ने चंद सालों में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। पिछले साल उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 2' हिट रही थी और इस साल 'सत्यप्रेम की कथा' ने बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कमाई की। बैक-टू-बैक कार्तिक आर्यन के साथ फिल्मों ने किआरा को हेडलाइंस में बनाए रखा। किआरा अब अपनी आगामी फिल्मों की तैयारी में जुटी हैं। वह राम चरण के साथ फिल्म गेम चेंजर और ऋतिक रोशन के साथ 'वॉर 2' में नजर आएंगी।



**आलिया भट्ट :** आलिया भट्ट के लिए भी साल 2023 भी बेहद खास रहा। मां बनने के बाद अभिनेत्री ने फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार वापसी की। आलिया को इसी साल फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला था। कुछ समय पहले अभिनेत्री ने अपनी आगामी फिल्म 'जिगरा' की अनाउंसमेंट कर थी। वह इस फिल्म को को-प्रोड्यूस भी कर रही हैं।



**अनन्या पांडे :** 'लाइगर' के बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद साल 2023 में रिलीज हुई 'ड्रीम गर्ल 2' में अनन्या पांडे छा गईं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया था। साथ ही अनन्या के अभिनय को भी काफी पसंद किया गया था। जल्द ही वह 'खो गए हम कहां', 'कंट्रोल' और 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर' फिल्मों में दिखाई देंगी।



**अदा शर्मा :** सालों से सिनेमा में अपनी पहचान बनाने की मशक्कत कर रहीं अदा शर्मा के लिए साल 2023 बेहद लकी रहा। फिल्म 'द केरल स्टोरी' ने उनके सपनों को उड़ान भरी और बी-टाउन की बेस्ट एक्ट्रेसेस में शुमाल हो गईं। 2023 की हिट फिल्मों में शुमार 'द केरल स्टोरी' में अदा के अभिनय को खूब सराहा गया। इस फिल्म ने 242 करोड़ का का कारोबार किया था। अगले साल अप्रैल में अदा शर्मा की 'बस्तर' रिलीज होगी।



**सारा अली खान :** 'लव आज कल' और 'कुली नंबर 1' के फ्लॉप होने के बाद सारा अली खान की दो फिल्में थिएटर की बजाय ओटीटी पर रिलीज हुईं और सारा ने अपने अभिनय से हर किसी का दिल जीत लिया। तीन साल बाद सारा ने विक्की कौशल के साथ फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी की और छा गईं। कम बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 88 करोड़ का कारोबार किया था। सारा के पास आगामी फिल्मों की एक लंबी लाइन है, जिसमें 'ए वतन मेरे वतन', 'मेट्रो इन दिनों' और 'मर्डर मुबारक' हैं।